ज्येष्ठ शुक्ल - 7 ▪ संवत 2081 ▪ वर्ष - 19 ▪ अंक - 315 ▪ पृष्ठ - 8 ▪ रु. 5/- बेंगलूरु » गुरुवार » 13-06-2024 ▪ www.dakshinbharat.com ▪ Email : news@dakshinbharat.com

# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

ದಕ್ಷಿಣ ಭಾರತ ರಾಷ್ಟ್ರಮತ | ಹಿಂದಿ ದಿನ ಪತ್ರಿಕೆ | बेंगलूरु और चेन्नई से एक साथ प्रकाशित





5 पेमा खांडू तीसरी बार बनेंगे अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री

6 बीजेपी को नश्तर की तरह चुभ रही है अयोध्या की हार

7 खुद को काम में झोंकने की प्रवृत्ति हमारे लिए सामान्य होनी चाहिए : कंगना रनौत

## फर्स्ट टेक

### औरंगाबाद से सांसद भुमरे को जान से मारने की धमकी

**छत्रपति संभाजीनगर (महाराष्ट्र)/एजेन्सी।** शिवसेना के नवनिर्वाचित सांसद सांदीपन भुमरे को जान से मारने की धमकी वाला एक गुमनाम पत्र पुलिस को प्राप्त हुआ है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यहां बुधवार को यह जानकारी दी और कहा कि मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि यह पत्र कुछ दिन पहले महाराष्ट्र के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) के कार्यालय को मिला था। पत्र लिखने वाले ने दावा किया है कि भुमरे के करीबी लोग लोगों के साथ अन्याय कर रहे हैं और इसमें विशेष रूप से बिडकिन पुलिस थाने के अधिकारियों का उल्लेख किया गया है। पत्र में धमकी दी गई है कि अगर सांसद ने जिले में 'अन्याय कर रहे लोगों को बचाने' की कोशिश की तो भुमरे के काफिले पर हमला किया जाएगा।

### यूक्रेन पर रूस के मिसाइल, ड्रोन हमले

**कीव/एजेन्सी।** यूक्रेन की राजधानी और अन्य शहरों में बुधवार तड़के रूसी मिसाइलों तथा ड्रोन के हमलों की आवाजें सुनी गईं। यूक्रेनी वायु सेना ने टेलीग्राम पर लिखा कि रूसी सेना ने यूक्रेन के कई शहरों में मिसाइल और ड्रोन से कई हमले किये, जिसमें यूक्रेनी सेना ने इस्कंदर-एम मिसाइल को छोड़कर सभी अन्य प्रोजेक्टाइल को गिरा दिया। यूक्रेन क्षेत्रीय सैन्य प्रशासन ने कहा कि इस हमले से कीव क्षेत्र में एक व्यक्ति मामूली रूप से घायल हो गया और एक औद्योगिक उद्यम में आग लग गई। एक पेट्रोल स्टेशन और एक निजी घर भी क्षतिग्रस्त हो गये।

### 'उत्तरी इजरायल में 160 रॉकेट दागे गए'

**यरूशलम/एजेन्सी।** इजरायली सेना ने बुधवार को कहा कि उत्तरी इजरायल में लेबनान की ओर से लगभग 160 रॉकेट दागे गए। यह हमला आज सुबह इजरायली हवाई हमलों के बाद हुआ जिसमें एक शीर्ष कमांडर सहित हिजबुल्लाह के चार सदस्य मारे गए। सात अक्टूबर, 2023 को इज़राइल-हमास संघर्ष के नए दौर की शुरुआत के बाद इस गोलीबारी ने इज़राइल पर लेबनान आतंकवादियों द्वारा किए गए सबसे बड़े रॉकेट हमले को चिह्नित किया। सेना ने कहा कि सुबह लगभग 90 प्रोजेक्टाइल की पहचान की गई जिसे लेबनान की ओर से दागा गया। राष्ट्रीय अग्निशमन एवं बचाव प्राधिकरण ने कहा कि रॉकेटों से कई इलाकों में आग लग गई। बाद में सुबह में, ऊपरी गैलिली क्षेत्र में पश्चिमी गैलिली और माउंट मेरोन की ओर लगभग 70 रॉकेट दागे गए, जहां एक प्रमुख हवाई रक्षा नियंत्रण इकाई स्थित है। सेना ने कहा कि कई प्रक्षेपास्त्रों को रोक दिया गया; उनमें से अधिकांश खुले क्षेत्रों में गिरे और कई उत्तरी इज़राइल में कई स्थानों पर गिरे।

13-06-2024 सूर्यास्त 6:46 बजे | 14-06-2024 सूर्योदय 5:53 बजे

| BSE | NSE |
|---|---|
| 76,606.57 | 23,323.55 |
| (+149.98) | (+58.70) |

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 7,380 रु. | 91,100 रु. |
| (24 कैरेट) प्रति ग्राम | प्रति किलो |



# मोहन चरण माझी ने ली ओडिशा के मुख्यमंत्री पद की शपथ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**भुवनेश्वर/एजेन्सी।** आदिवासी नेता मोहन चरण माझी ने बुधवार को ओडिशा के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली।

इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मोदी मंत्रिपरिषद के कई सदस्यों और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) शासित नौ राज्यों के मुख्यमंत्री उपस्थित रहे। शपथ ग्रहण समारोह का आयोजित भुवनेश्वर के प्रसिद्ध जनता मैदान में हुआ। इसके साथ ही माझी ओडिशा के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने वाले भाजपा के पहले नेता बन गये।

राज्यपाल रघुबर दास ने माझी के साथ ही दो उपमुख्यमंत्रियों, आठ कैबिनेट मंत्रियों और पांच राज्य मंत्रियों (स्वतंत्र प्रभार) को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

भाजपा के कई केंद्रीय नेताओं की मौजूदगी में शपथ ग्रहण समारोह को देखने के लिए राज्य भर से एक लाख से अधिक लोग जनता मैदान में एकत्र हुए। ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं बीजू जनता दल (बीजद) अध्यक्ष नवीन पटनायक भी शपथ ग्रहण समारोह मौजूद रहे। शपथ लेने वाले दो उपमुख्यमंत्री कनक वर्धन सिंह देव और प्रभाती परिदा हैं।

# लोगों के 'जीवन की सुगमता' सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध सरकार : वित्तमंत्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/एजेन्सी।** लगातार दूसरी बार वित्त और कंपनी मामलों की मंत्री बनाई गई निर्मला सीतारमण ने आज यहां नॉर्थ ब्लॉक में कार्यभार ग्रहण करते हुए कहा कि सरकार अपने नागरिकों के लिए 'जीवन की सुगमता' सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और इस संबंध में आगे भी कदम उठाती रहेगी।

श्रीमती सीतारमण का नॉर्थ ब्लॉक स्थित कार्यालय में वित्त सचिव डॉ. टी.वी. सोमनाथन और वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय के अन्य सचिवों ने स्वागत किया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति अपनी हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त की कि उन्हें फिर से केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री के रूप में काम करने और उनके मार्गदर्शन में भारत और इसके लोगों की सेवा करने का अवसर मिला।



श्रीमती सीतारमण ने पिछले 10 वर्षों में मजबूत नेतृत्व और विकासोन्मुखी शासन को स्वीकार किया, जिसने विभिन्न क्षेत्रों में परिवर्तनकारी बदलाव किए हैं और एक मजबूत और लचीली अर्थव्यवस्था बनाई है।

कार्यभार संभालने के बाद, वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय के विभिन्न विभागों के सचिवों ने मौजूदा नीतिगत मुद्दों पर केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट मामलों के मंत्री को जानकारी दी।

श्रीमती सीतारमण ने यह भी कहा कि 2014 से किए गए सुधार जारी रहेंगे, जो भारत के लिए व्यापक आर्थिक स्थिरता और विकास प्रदान करेंगे। उन्होंने वैश्विक चुनौतियों के बीच हाल के वर्षों में भारत की सराहनीय विकास कहानी पर भी प्रकाश डाला और कहा कि आने वाले वर्षों के लिए एक आशावादी आर्थिक दृष्टिकोण है। उन्होंने विभागों से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार के विकास एजेंडे को नए जोश के साथ आगे बढ़ाने और प्रधानमंत्री के 'विकसित भारत' के दृष्टिकोण को प्राप्त करने के लिए उत्तरदायी नीति निर्धारण सुनिश्चित करने का आग्रह किया।

## लाल किला हमला मामले में दोषी पाक आतंकवादी की दया याचिका खारिज

**नई दिल्ली/भाषा।** करीब 24 साल पुराने लाल किला हमला मामले में दोषी ठहराए गए पाकिस्तानी आतंकवादी मोहम्मद आरिफ उर्फ अशफाक की दया याचिका राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने खारिज कर दी है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। राष्ट्रपति द्वारा 25 जुलाई 2022 को पदभार ग्रहण करने के बाद खारिज की गई यह दूसरी दया याचिका है। उच्चतम न्यायालय ने तीन नवंबर, 2022 को आरिफ की पुनर्विचार याचिका खारिज कर दी थी और मामले में उसे दी गई मौत की सजा को बरकरार रखा था। विशेषज्ञों का हालांकि मानना है कि मौत की सजा पाया दोषी अब भी संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत लंबे समय तक हुई देरी के आधार पर अपनी सजा में कमी के लिए शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटा सकता है। अधिकारियों ने राष्ट्रपति सचिवालय के 29 मई के आदेश का हवाला देते हुए बताया कि 15 मई को आरिफ की दया याचिका प्राप्त हुई थी, जिसे 27 मई को खारिज कर दिया गया।

# कठुआ में आतंकवादियों को मार गिराया गया, छह सुरक्षाकर्मी भी घायल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**जम्मू/भाषा।** जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले के एक सीमावर्ती गांव में छिपे एक आतंकवादी को सुरक्षा बलों ने 15 घंटे से अधिक समय तक चले अभियान में बुधवार को मार गिराया। इस दौरान एक अन्य आतंकवादी को भी मार गिराया गया। हालांकि मुठभेड़ में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) का एक जवान भी शहीद हो गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों के अनुसार, सैदा सुखल गांव में दो आतंकवादियों को देखे जाने के बाद मंगलवार रात को शुरू हुए अभियान के दौरान दो वरिष्ठ अधिकारी सुरक्षित बच निकले। हालांकि उनके वाहनों पर गोलियां लगीं। अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार देर रात डोडा जिले में भद्रवाह-पठानकोट मार्ग पर स्थित चतरगला के ऊपरी इलाके में आतंकवादियों ने एक संयुक्त जांच चौकी पर हमला किया, जिसमें राष्ट्रीय राइफल्स के पांच जवान और एक विशेष पुलिस अधिकारी (एसपीओ) घायल हो गये। आतंकवादियों की तलाश के लिए अभियान चलाये जाने के कारण राजमार्ग पर यातायात रोक दिया गया है।

रविवार को रियासी के शिव खोड़ी मंदिर से तीर्थयात्रियों को कटरा ले जा रही बस पर हुए हमले के बाद सुरक्षा व्यवस्था कड़ी किये जाने के बीच ये घटनाएं हुई हैं। दो दिन पहले हुए इस हमले में बस सड़क से गहरी खाई में जा गिरी थी, जिसमें नौ लोगों की मौत हो गई थी और 41 लोग घायल हुए थे। पुलिस ने बस पर हमले में शामिल आतंकवादियों के ठिकाने के बारे में जानकारी देने वाले को 20 लाख रुपये का इनाम देने की घोषणा की है और एक आतंकवादी का 'स्केच' भी जारी किया है।

अधिकारियों ने दावा किया कि जम्मू-कश्मीर में शांतिपूर्ण माहौल को बिगाड़ने की पाकिस्तान की कोशिशों के कारण ही जम्मू क्षेत्र में आतंकवादी गतिविधियों में तेजी आई है।

# कृषि उत्पादन, उत्पादकता और गुणवत्ता पर रखें ध्यान : चौहान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/एजेन्सी।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने देश में कृषि उत्पादन, उत्पादकता और गुणवत्ता पर ध्यान केंद्रित करने का आह्वान करते हुए बुधवार को कहा कि घरेलू आवश्यकताओं की पूर्ति के अलावा दुनिया के अन्य देशों को भी जरूरत अनुसार कृषि उत्पाद निर्यात किया जाना चाहिए। चौहान ने यहां 100 दिनों की कृषि कार्ययोजना के संबंध में मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों से विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि वे अपना पूरा ध्यान किसानोन्मुखी कार्यों पर रखें ताकि देश के किसानों और कृषि क्षेत्र के निरंतर विकास के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की संकल्पना के मुताबिक तेजी से काम किया जा सकें।

बैठक में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर, कृषि सचिव मनोज अहूजा , कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग (डेयरी) के सचिव और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के महानिदेशक हिमांशु पाठक तथा सांसद भागीरथ चौधरी भी उपस्थित थे।

# हिंसा और उग्रवाद फैलाने वाले तत्वों को कनाडा देता है राजनीतिक स्थान : भारत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/एजेन्सी।** भारत ने कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के भारत में आम चुनावों को लेकर की गई टिप्पणी पर पलटवार करते हुए आज कहा कि भारतीय लोकतंत्र की जीवंतता की पूरी दुनिया सराहना करती है जबकि कनाडा लोकतंत्र के नाम पर हिंसा और उग्रवाद फैलाने वाले तत्वों को राजनीतिक स्थान देता है।

विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा ने आज यहां एक ब्रीफिंग के दौरान कनाडा के प्रधानमंत्री के बयान के बारे में एक सवाल पूछे जाने पर कहा, हमने अभी-अभी अपना आम चुनाव संपन्न किया है। मुझे यकीन है कि हर कोई इस बात से सहमत होगा कि यह मानव जाति के इतिहास में सबसे बड़ा लोकतांत्रिक चुनाव था। मुझे लगता है कि भारत के लोकतंत्र की जीवंतता वास्तव में दुनिया भर में मान्यता प्राप्त और सराहना की गई है। उन्होंने कहा, मैं वास्तव में इस पर कुछ भी नहीं कहना चाहता कि कोई और क्या सोचता है कि लोकतंत्र को कैसे कार्य करना चाहिए, लेकिन जहां तक कनाडा का सवाल है, हमारे लोकतंत्र ने आंखों से दिखने लायक तमाम सबूत उपलब्ध कराये हैं कि कनाडा में भारत विरोधी तत्वों को राजनीतिक स्थान मिला हुआ है जो उग्रवाद और हिंसा की वकालत करते हैं।

# कश्मीर में तीन दिन में लगातार तीन आतंकवादी हमलों ने खोल दी शांति बहाली के दावों की पोल : कांग्रेस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/एजेन्सी।** कांग्रेस ने जम्मू कश्मीर में लगातार हो रहे आतंकवादी हमलों पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए सरकार के वहां शांति बहाल होने के दावों को खोखला बताया और कहा कि पिछले तीन दिन में तीन हमलों ने हिंसा खत्म होने के सरकार के दावों की पोल खोल दी है।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने बुधवार को यहां एक बयान में आतंकवादी हमलों की कड़ी निंदा की और कहा कि आतंकवाद से लड़ने में कांग्रेस राष्ट्र के साथ एकजुटता के साथ खड़ी है। उन्होंने जम्मू-कश्मीर में 3 दिन में 3 आतंकी हमलों को अत्यंत गंभीर बताते हुए प्रधानमंत्री से सवाल किए कि आखिर उनकी नज़र रियासी पर क्यों नहीं है। मोदी ने शपथ ग्रहण के बाद पाकिस्तानी नेताओं को ट्वीट कर जवाब दिया लेकिन क्रूर आतंकवादी हमलों की निंदा करने का उन्हें समय नहीं मिला। ऊंज कहना था कि पिछले 10 साल में मोदी सरकार की झूठी छाती ठोकने की वजह से राष्ट्रीय सुरक्षा को नुकसान पहुंचा है और निर्दोष लोग कायरतापूर्ण आतंकी हमलों के शिकार हुए हैं। सबकुछ पहले जैसा ही चल रहा है।



प्रवक्ता ने कहा जब मोदी और उनकी एनडीए सरकार शपथ ले रही थी और कई राष्ट्राध्यक्ष देश में मौजूद थे उसी समय जम्मू- कश्मीर के रियासी जिले में एक भयानक और वीभत्स आतंकी हमला हुआ जिसमें नौ लोग मारे गए और कम से कम 33 घायल हो गए।

आतंकवादियों ने शिव खोरी मंदिर से कटरा जा रहे तीर्थयात्रियों से भरी बस पर गोलीबारी की और मासूम बच्चों को भी नहीं बख्शा गया।



## मंगल ग्रह पर मिले तीन गड्ढों के नाम वैज्ञानिक देवेंद्र लाल व दो शहरों के नाम पर रखे गए

**अहमदाबाद/भाषा।** मंगल ग्रह की सतह पर हाल ही में खोजे गए तीन गड्ढों (क्रेटर) के नाम प्रसिद्ध भौतिक विज्ञानी दिवंगत देवेंद्र लाल और उत्तर भारत के दो शहरों मुरसान एवं हिलसा के नाम पर रखे गए हैं। यह खोज वैज्ञानिकों की एक टीम द्वारा की गई थी जिसमें यहां की भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला (पीआरएल) के शोधकर्ता शामिल थे। इस महीने की शुरुआत में एक अंतरराष्ट्रीय निकाय ने नामकरण को मंजूरी दी। भारत सरकार के अंतरिक्ष विभाग की एक इकाई पीआरएल ने बुधवार को एक विज्ञप्ति में कहा कि तीन क्रेटर मंगल ग्रह के थारिस ज्वालामुखी क्षेत्र में स्थित हैं। थारिस मंगल ग्रह के पश्चिमी गोलार्ध में भूमध्य रेखा के पास केंद्रित विशाल ज्वालामुखीय पठार है। पीआरएल के निदेशक अनिल भारद्वाज ने एक विज्ञप्ति में कहा कि पीआरएल की सिफारिश पर, अंतरराष्ट्रीय खगोलीय संघ (आईएयू) के एक कार्य समूह ने पांच जून को लाल क्रेटर, मुरसान क्रेटर और हिलसा क्रेटर नाम देने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। मुरसान और हिलसा क्रमशः उत्तर प्रदेश और बिहार में स्थित शहर हैं।

मिशन मंडेला
दक्षिण भारत राष्ट्रमत
दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक
epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

### लाओ बदलाव

हो चुकी जीत अब तो छोड़ो,
परिवारवाद का आप राग।
भूलो अब उनके पुरखों को,
अपने वादों को करो याद।
अच्छा अब नहीं लगे सबको,
केवल निंदा या फिर विवाद।
छोड़ो चुनाव का स्थाई मूड,
वर्ना जन में होगा विषाद।।

# कुवैत में भीषण आग से 49 लोगों की मौत

## मृतकों में 40 से अधिक भारतीय श्रमिक

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

दुबई/कुवैत सिटी/नई दिल्ली/भाषा। दक्षिणी कुवैत में विदेशी मजदूरों वाली एक बहुमंजिला इमारत में भीषण आग लगने से कम से कम 40 से अधिक भारतीयों की मौत हो गई और 50 से अधिक अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अल-मंगफ नामक इस इमारत में भीषण आग लगने से कुल 49 लोगों की जान गयी है जिनमें से 42 के बारे में माना जा रहा है कि वे भारतीय थे। बाकी पाकिस्तान, फिलीपिन, मिस्र, नेपाल के नागरिक थे।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस घटना को 'दुखद' बताया तथा विदेश मंत्री एस जयशंकर, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, विदेश सचिव विनय क्वात्रा, प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव पी के मिश्रा एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक में इस घटना से उत्पन्न स्थिति की समीक्षा की।



एक सरकारी बयान के अनुसार मोदी ने इस 'दुर्भाग्यपूर्ण घटना' पर गहरा दुख प्रकट किया और शोक संतप्त परिवारों के लिए संवेदना व्यक्त की। उन्होंने मृतक भारतीय नागरिकों के परिवारों के लिए प्रधानमंत्री राहत कोष से दो-दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि भी घोषित की। प्रधानमंत्री मोदी के निर्देश पर विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह आग में घायल हुए भारतीयों की सहायता की निगरानी करने और मारे गए लोगों के शवों को शीघ्र स्वदेश पहुंचाने के कार्य में सहयोग के लिए कुवैत रवाना हो रहे हैं।

सरकारी बयान के अनुसार मोदी ने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की और निर्देश दिया कि भारत सरकार सभी संभव सहायता उपलब्ध कराए। जयशंकर ने एक बयान में कहा, कुवैत सिटी में आग की घटना की खबर से गहरा सदमा लगा है। 40 से अधिक लोगों की मौत की खबर है और 50 से अधिक लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### प्रधानमंत्री मोदी ने लोगों की मौत पर दुख जताया

**नई दिल्ली/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कुवैत में आग लगने की एक घटना में लोगों की मौत पर दुख जताया और कहा कि वहां स्थित भारतीय दूतावास स्थिति की बारीकी से निगरानी कर रहा है और प्रभावितों की सहायता के लिए वहां के अधिकारियों के साथ काम कर रहा है। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''कुवैत सिटी में आग लगने की घटना दुखद है। मेरी संवेदनाएं उन सभी के साथ हैं जिन्होंने अपने निकट और प्रियजनों को खो दिया है। घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं।'' उन्होंने कहा, ''कुवैत में भारतीय दूतावास स्थिति की बारीकी से निगरानी कर रहा है और प्रभावितों की सहायता के लिए वहां के अधिकारियों के साथ काम कर रहा है।''

# जम्मू-कश्मीर के डोडा में मौजूद आतंकवादियों के सफाये के लिए तलाशी अभियान जारी : पुलिस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**भद्रवाह/जम्मू/भाषा।** एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले के ऊंचे इलाकों में तीन-चार आतंकवादियों का एक समूह मौजूद है और दुर्गम इलाके के बावजूद उनके सफाये के लिए तलाशी अभियान जारी है।

अधिकारियों ने बताया मंगलवार रात डोडा जिले में भद्रवाह-पठानकोट मार्ग पर स्थित चतरगला के ऊपरी इलाके में आतंकवादियों ने संयुक्त जांच चौकी पर हमला किया, जिसमें राष्ट्रीय राइफल्स के पांच जवान और एक विशेष पुलिस अधिकारी (एसपीओ) घायल हो गये।

डोडा-किश्तवाड़-रामबन रेंज के पुलिस उपमहानिरीक्षक श्रीधर पाटिल ने कहा, पिछले कुछ दिनों से, हमें जिला पुलिस की खुफिया शाखा के माध्यम से आतंकवादियों की आवाजाही की जानकारी मिल रही थी और उसके अनुसार सेना और पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से अस्थायी चौकियां (अंतर-राज्यीय) सड़क पर स्थापित की गई थीं। आतंकवाद विरोधी अभियान की निगरानी कर रहे पाटिल ने बताया कि डोडा और कठुआ जिलों को जोड़ने वाले चटरगला दर्रे पर एक चौकी के संतरी ने मंगलवार देर रात संदिग्ध गतिविधि देखी और उन लोगों को चुनौती दी। आतंकवादियों ने गोलीबारी शुरू कर दी और डेढ़ घंटे से अधिक समय तक चली गोलीबारी के दौरान सुरक्षा कर्मियों ने बहादुरी से मुकाबला किया। एक पुलिसकर्मी समेत हमारे कुछ कर्मी घायल हो गए हैं, लेकिन उन सभी की हालत स्थिर है और वे खतरे से बाहर हैं। पूरे इलाके में आधुनिक उपकरणों की मदद से तलाशी ली जा रही है और उम्मीद है कि जल्द इस समूह (आतंकवादियों के) का सफाया कर देंगे। पाटिल ने कहा कि आतंकवादियों के समूह में तीन से चार सदस्य हैं। उन्होंने कहा, हमें रणनीतिक तरीके से आगे बढ़ना होगा क्योंकि मैदानी और पहाड़ी इलाकों के अभियान में अंतर होता है। दुर्गम इलाकों में तलाशी में समय लगता है और आतंकवादियों के सफाये से पहले हमें अपनी ओर किसी भी तरह की क्षति से बचने के लिए सावधानी से आगे बढ़ना होगा।

## जम्मू कश्मीर में आतंकवाद खत्म करने का एकमात्र तरीका पाकिस्तान से बातचीत : फारूक

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**श्रीनगर/भाषा।** नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने बुधवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद उस समय तक खत्म नहीं होगा, जब तक पाकिस्तान से बातचीत नहीं की जाती। अब्दुल्ला की यह टिप्पणी जम्मू में पिछले तीन दिन में हुए तीन आतंकवादी हमलों के बाद आई है।

फारूक अब्दुल्ला ने बुधवार को यहां संवाददाताओं से कहा, मैंने हमेशा कहा है कि जब तक दोनों देशों (भारत एवं पाकिस्तान) के बीच समझ नहीं बनती, आतंकवाद खत्म नहीं होगा। आतंकवाद जारी रहेगा और हमें इसका सामना करना होगा। दुखद बात यह है कि निर्दोष लोग मारे जा रहे हैं... और यह दुर्भाग्यपूर्ण है।

जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि जब तक हम नहीं जगेंगे और इसका समाधान नहीं निकालेंगे, निर्दोष लोगों की जान जाती रहेगी।

विदेश मंत्री एस जयशंकर की इस टिप्पणी का जिक्र करते हुए कि भारत सीमाओं से जुड़े मुद्दों को सुलझाने पर ध्यान केंद्रित करेगा, अब्दुल्ला ने कहा कि बातचीत ही आगे बढ़ने का एकमात्र तरीका है।

उन्होंने कहा, विदेश मंत्री ने कल खुद कहा कि चीन के साथ हमें बातचीत करनी होगी और पहली बार उन्होंने पाकिस्तान का भी जिक्र किया। मुझे उम्मीद है कि वह इसे जारी रखेंगे और इसका हल निकालेंगे।

# डिजिटल 'अंतर' से दुनिया को हर साल हो रहा है अरबों डॉलर के जीडीपी का नुकसान : रिपोर्ट

**नई दिल्ली/भाषा।** दुनिया को प्रौद्योगिकी के मोर्चे पर अंतर से हर साल अरबों डॉलर का नुकसान हो रहा है तथा कृत्रिम मेधा (एआई) इस समस्या को और भी बड़ा बना सकती है। एक अध्ययन में यह बात कही गई है। अध्ययन में उत्पादकता और आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए डिजिटल अंतर को पाटने की जरूरत पर प्रकाश डाला गया है। सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनी एचपी ने बुधवार को ऑक्सफोर्ड इकनॉमिक्स के साथ मिलकर एक अध्ययन जारी किया। इसमें प्रत्येक देश के 1,036 सी-सूट अधिकारियों और लगभग 100 सरकारी अधिकारियों की राय ली गई। अध्ययन में कहा गया, वैश्विक आबादी का लगभग एक-तिहाई हिस्सा डिजिटल दुनिया से दूर रहता है, जिससे दुनिया को हर साल सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में अरबों डॉलर का नुकसान होता है। प्रौद्योगिकी के आगमन के बाद से डिजिटल विभाजन बढ़ता जा रहा है, और अगर इस दिशा में जानबूझकर कोई कदम नहीं उठाया गया, तो एआई इन असमानताओं को और बढ़ा सकती है। पिछले साल अक्टूबर से नवंबर तक यह अध्ययन 10 देशों- अमेरिका, फ्रांस, भारत, ब्रिटेन, जर्मनी, जापान, मेक्सिको, ब्राजील और कनाडा में किया गया है।

## विरोध प्रदर्शन के बाद देवेन्द्र फडणवीस के नागपुर आवास पर बढ़ाई गई सुरक्षा

**नागपुर/भाषा।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस के नागपुर स्थित आवास की सुरक्षा बुधवार को बढ़ा दी गई। उपभोक्ताओं के लिए प्रीपेड बिजली मीटर लगाने के मुद्दे पर एक स्थानीय संगठन के क्षेत्र में विरोध प्रदर्शन के बाद यह निर्णय लिया गया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। राज्य ऊर्जा विभाग का भी प्रभार संभालने वाले देवेन्द्र फडणवीस का आधिकारिक आवास सिविल लाइंस के देवगिरी में स्थित है और उनका निजी आवास धरमपथ क्षेत्र के त्रिकोणी पार्क में है, जो विरोध स्थल से तीन से चार किलोमीटर दूर स्थित है। बुधवार को जय विदर्भ पार्टी के कई कार्यकर्ता वैरायटी स्क्वायर पर एकत्र हुए और महाराष्ट्र राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड (एमएसईडीसीएल) द्वारा प्रीपेड मीटर लगाने को लेकर सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि एहतियात के तौर पर फडणवीस के दोनों घरों पर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है।

## एफआईयू ने एक्सिस बैंक पर 1.66 करोड़ रुपये से अधिक का जुर्माना लगाया

**नई दिल्ली/भाषा।** वित्तीय आसूचना इकाई (एफआईयू) ने एक्सिस बैंक पर 1.66 करोड़ रुपये से अधिक का जुर्माना लगाया है। बैंक पर यह जुर्माना आतंकवाद रोधी कमांडो बल एनएसजी के नाम पर एक ''धोखाधड़ी'' वाला खाता खोलकर अपनी एक शाखा में किए गए संदिग्ध लेनदेन का पता लगाने और उसकी जानकारी देने के लिए कोई तंत्र स्थापित करने में ''विफल'' रहने को लेकर लगाया गया है।

संघीय एजेंसी ने तीन जून को धन शोधन रोधक अधिनियम (पीएमएलए) की धारा 13 के तहत एक आदेश जारी किया। अधिनियम संघीय एजेंसी के निदेशक को किसी रिपोर्टिंग इकाई (जैसे एक्सिस बैंक) पर मौद्रिक जुर्माना लगाने का अधिकार देता है। किसी इकाई के निदेशक मंडल में उसके नामित निदेशक या उसके किसी कर्मचारी के उक्त कानून के तहत अनिवार्य दायित्वों का पालन नहीं करने पर जुर्माना लगाया जा सकता है। इस संबंध में एक्सिस बैंक को भेजे गए सवाल का तत्काल कोई जवाब नहीं मिला है। 'पीटीआई-भाषा' के पास मौजूद आदेश के सारांश के अनुसार, यह पूरा घटनाक्रम एक ऐसे मामले से संबंधित है, जिसमें '' एक्सिस बैंक के एक कर्मचारी पर अन्य लोगों के साथ मिलीभगत करके बड़े पैमाने पर धोखाधड़ी और भ्रष्टाचार घोटाले में शामिल होने का आरोप लगाया गया था।'' एफआईयू के आदेश में कहा गया कि यह '' कथित कदाचार सरकारी एजेंसी राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) के नाम पर एक धोखाधड़ीपूर्ण बैंक खाता खोलने से संबंधित है।'' आदेश में कहा गया , '' रिपोर्ट से संकेत मिला कि एक्सिस बैंक के एक प्रबंधक ने इस खाते को खोलने में भूमिका निभाई जिसका मकसद कथित रूप से अवैध धन एकत्र करना था।''

## ठाणे में रसायन फैक्टरी में विस्फोट, कोई हताहत नहीं

**ठाणे/भाषा।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले के डोंबिवली इलाके में एक बंद रसायनिक फैक्टरी में बुधवार सुबह आग लग गई। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

कल्याण डोंबिवली नगर निगम के आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के प्रमुख दीपक निकम ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि अभी किसी के हताहत होने की खबर नहीं मिली है। उन्होंने बताया कि इकाई में विस्फोट भी हुआ है। अधिकारी ने बताया कि इकाई से निकलता घना धुआं काफी दूर से देखा जा सकता था। यह इकाई अमुदन केमिकल्स के पास स्थित है, जहां 23 मई को हुए भीषण विस्फोट में 10 लोगों की मौत हो गई थी और 60 से अधिक लोग घायल हुए थे। निकम ने बताया कि डोंबिवली एमआईडीसी (महाराष्ट्र औद्योगिक विकास निगम) क्षेत्र में स्थित फैक्टरी में बुधवार पूर्वाह्न करीब 10 बजे आग लग गई।

उन्होंने बताया कि अभी किसी के हताहत होने की खबर नहीं मिली है। अधिकारी ने कहा कि दमकल की तीन गाड़ियां और एक एम्बुलेंस घटनास्थल पर भेजी गई हैं। उन्होंने बताया कि आग बुझाने का काम अभी भी जारी है और आग लगने का कारण अभी पता नहीं चल पाया है।

## अप्रैल में देश का औद्योगिक उत्पादन पांच प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली/भाषा।** खनन और बिजली क्षेत्र के अच्छे प्रदर्शन की वजह से इस साल अप्रैल में देश का औद्योगिक उत्पादन (आईआईपी) पांच प्रतिशत बढ़ गया। बुधवार को सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, औद्योगिक गतिविधियों का सूचक माना जाने वाला औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) अप्रैल महीने में पांच प्रतिशत की दर से बढ़ा जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह 4.6 प्रतिशत बढ़ा था। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की तरफ से जारी आंकड़ों से पता चलता है कि विनिर्माण क्षेत्र का उत्पादन अप्रैल, 2024 में 3.9 प्रतिशत बढ़ा, जबकि एक साल पहले इसी महीने में यह 5.5 प्रतिशत बढ़ा था। इस साल अप्रैल में खनन उत्पादन 6.7 प्रतिशत और बिजली उत्पादन 10.2 प्रतिशत बढ़ा। इन दोनों क्षेत्रों के अच्छे प्रदर्शन ने कुल औद्योगिक उत्पादन को बढ़ाने में मदद की।

# भागवत की टिप्पणी के बाद क्या प्रधानमंत्री मोदी मणिपुर का दौरा करेंगे: उद्धव ठाकरे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**मुंबई/भाषा।** शिवसेना (यूबीटी) के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने बुधवार को सवाल किया कि मणिपुर की स्थिति पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत की टिप्पणी के बाद क्या प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पूर्वोत्तर राज्य का दौरा करेंगे ?

यहां एक संवाददाता सम्मेलन में महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री ने यह भी पूछा कि जम्मू कश्मीर को विशेष दर्जा देने के प्रावधान वाले अनुच्छेद 370 को हटाए जाने के बाद वहां जमीनी स्तर पर क्या बदलाव आया है ? मणिपुर में पिछले साल मई से मेइती और कुकी समुदाय के बीच हिंसा जारी है। अब तक इस हिंसा में करीब 200 लोग मारे जा चुके हैं, जबकि बड़े पैमाने पर हुई आगजनी की वजह से हजारों लोग विस्थापित हो गए हैं और कई घर और सरकारी इमारतें जलकर खाक हो गई हैं। पिछले कुछ दिनों में मणिपुर के जिरीबाम से हिंसा की ताजा घटनाओं की खबरें आईं। आरएसएस प्रमुख भागवत ने मणिपुर में हिंसा के एक साल बाद भी शांति स्थापित न हो पाने पर चिंता जाहिर करते हुए कहा था कि संघर्षग्रस्त पूर्वोत्तर राज्य की स्थिति पर प्राथमिकता से विचार किया जाना चाहिए। ठाकरे ने सवाल किया, ''मोहन भागवत ने कहा कि मणिपुर जल रहा है। उन्होंने कम से कम एक साल बाद यह बात कही है। क्या प्रधानमंत्री और गृह मंत्री वहां नहीं जाएंगे? मणिपुर और जम्मू-कश्मीर की स्थिति का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि अगर नरेन्द्र मोदी इसे नहीं संभाल सकते तो उन्हें तीसरी बार प्रधानमंत्री बने रहने का कोई अधिकार नहीं है।

ठाकरे ने दावा किया कि जम्मू-कश्मीर उबल रहा है। उन्होंने सवाल किया, ''लोगों की जानें जा रही हैं। जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी हमलों के लिए कौन जिम्मेदार है?

# स्पाइसजेट ने मांग न आने पर हैदराबाद-अयोध्या सीधी उड़ान बंद की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मुंबई/भाषा।** किफायती एयरलाइन स्पाइसजेट ने समुचित मांग न आने का हवाला देते हुए हैदराबाद से अयोध्या के लिए संचालित अपनी सीधी उड़ान सेवा दो महीने के भीतर ही बंद कर दी है।

स्पाइसजेट ने इस वर्ष अप्रैल की शुरुआत में हैदराबाद-अयोध्या मार्ग पर सप्ताह में तीन बार सीधी उड़ान वाली सेवा शुरू की थी।

जीएमआर समूह द्वारा संचालित हैदराबाद अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से जुड़े एक सूत्र ने कहा, स्पाइसजेट ने एक जून से हैदराबाद से अयोध्या के लिए अपनी सीधी उड़ान सेवा बंद कर दी है।

एयरलाइन तेलंगाना की राजधानी से अयोध्या के लिए सप्ताह में तीन बार ये उड़ान सेवाएं संचालित कर रही थी।

स्पाइसजेट के प्रवक्ता ने बयान में कहा, उड़ान कार्यक्रम पूरी तरह से वाणिज्यिक विचारों और मांग से प्रेरित होता है। हालांकि हम अभी भी अयोध्या से चेन्नई के लिए सेवाएं संचालित कर रहे हैं। अयोध्या में भगवान राम का भव्य मंदिर बनने के बाद यात्रियों का आवागमन बढ़ने की संभावना को देखते हुए उड़ान सेवाएं शुरू की गई थीं।

स्पाइसजेट ने राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने वाले लोगों के लिए 21 जनवरी को दिल्ली से अयोध्या के लिए एक विशेष उड़ान भी संचालित की थी।



## चौहान ने कृषि क्षेत्र में नई जान फूंकने के लिए 100 दिन की कार्ययोजना बनाई

**नई दिल्ली/भाषा।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को वरिष्ठ अधिकारियों के साथ 100 दिवसीय कार्ययोजना पर चर्चा की। इसका उद्देश्य कृषि क्षेत्र को मजबूत करना और किसानों के संकट को कम करना है। बैठक में कृषि राज्यमंत्री रामनाथ ठाकुर और भागीरथ चौधरी, कृषि सचिव मनोज आहूजा और अन्य शीर्ष अधिकारी शामिल हुए। बैठक में चौहान ने देशभर में कृषि उत्पादन और उत्पादकता को बढ़ावा देने के लिए किसानों तक गुणवत्तापूर्ण आदानों की आपूर्ति सुनिश्चित करने की जरूरत पर बल दिया।

एक सरकारी बयान में कहा गया है कि कार्ययोजना का उद्देश्य न केवल कृषि उत्पादों में आत्मनिर्भरता हासिल करना है, बल्कि इस क्षेत्र से निर्यात की गुणवत्ता को भी बढ़ाना है। मंत्री ने फसल की पैदावार बढ़ाने और उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार करने के लिए किसानों को उच्च गुणवत्ता वाले बीज, उर्वरक और अन्य आवश्यक आदानों (इनपुट) तक पहुंच प्रदान करने के महत्व को रेखांकित किया। कृषि क्षेत्र अनियमित मानसून, कीटों के हमलों और बाजार कीमतों में उतार-चढ़ाव के प्रभाव से जूझ रहा है, ऐसे में केंद्र की 100-दिन की कार्ययोजना को कृषक समुदाय के भविष्य को पुनर्जीवित करने के लिए एक बहुत जरूरी उपाय के रूप में देखा जा रहा है। आने वाले दिनों में कार्ययोजना को विभिन्न राज्यों और फसल चक्रों में कार्यान्वयन के लिए विशिष्ट लक्ष्यों और समयसीमा के साथ लागू किए जाने की उम्मीद है।

## जमा पर ब्याज दरें चरम पर हैं, मध्यम अवधि में नीचे आने की उम्मीद : एसबीआई चेयरमैन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के चेयरमैन दिनेश कुमार खारा ने कहा है कि जमा पर ब्याज दरें अपने चरम पर हैं और मध्यम अवधि में इनके नीचे आने की उम्मीद है।

देश के सार्वजनिक क्षेत्र के प्रमुख बैंक ने यह भी कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही से ब्याज दर चक्र को आसान बनाना शुरू कर सकता है। पिछले सप्ताह भारतीय रिजर्व बैंक ने मजबूत आर्थिक वृद्धि के बीच मुद्रास्फीति पर ध्यान केंद्रित करते हुए लगातार आठवीं बार अपनी प्रमुख नीतिगत दर रेपो को यथावत रखा था।

खारा ने कहा, ''हमें उम्मीद है कि अक्टूबर से शुरू होने वाली तीसरी तिमाही में शायद मुद्रास्फीति के चार प्रतिशत की ओर बढ़ने की कुछ संभावना होगी, और वह सही समय होगा जब हम रिजर्व बैंक से नीतिगत दर में कुछ कटौती की उम्मीद कर सकते हैं।'' स्विट्जरलैंड, स्वीडन, कनाडा और यूरो क्षेत्र जैसी उन्नत अर्थव्यवस्थाओं के कुछ केंद्रीय बैंकों ने वर्ष 2024 के दौरान दरों को कम करने का चक्र शुरू कर दिया है।

दूसरी ओर, अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दर में कटौती की बाजार उम्मीदें, जो पहले अधिक थीं, अब कम हो गई हैं। जहां तक बैंकिंग प्रणाली में ब्याज दर का सवाल है, खारा ने कहा कि कमोबेश ये पहले ही चरम पर हैं। उन्होंने कहा, ''आगे जाकर, हमें कुछ मामूली बदलाव देखने को मिलेंगे...मुझे लगता है, अगर हम ब्याज दर के मध्यम अवधि के प्रक्षेपवक्र को देखें, तो शायद इसमें गिरावट का रुख होगा।''

## सरकार 5जी नेटवर्क के लिए छह गीगाहर्ट्ज स्पेक्ट्रम को प्राथमिकता दे: सीओएआई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** दूरसंचार उद्योग के निकाय सीओएआई ने बुधवार को उम्मीद जताई कि नई सरकार 5जी नेटवर्क विस्तार के लिए छह गीगाहर्ट्ज बैंड स्पेक्ट्रम आवंटित करेगी और बड़े ऐप्स की वजह से पैदा हुए भारी डेटा ट्रैफिक को देखते हुए 'उचित हिस्सेदारी डेटा नेटवर्क उपयोग नीति' को लागू करेगी।

सेल्युलर ऑपरेटर एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सीओएआई) ने बुधवार को केंद्र में नवगठित सरकार के लिए अपनी मांगों की प्राथमिकता सूची जारी की। इसके सदस्यों में रिलायंस जियो, भारती एयरटेल, वोडाफोन आइडिया और अन्य सेवा प्रदाता शामिल हैं। सीओएआई ने वैश्विक दूरसंचार उद्योग निकाय जीएसएमए की एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि भारत छह गीगाहर्ट्ज स्पेक्ट्रम के उपयोग से 5जी नेटवर्क को अपनाने में सालाना 10 अरब डॉलर तक की बचत कर सकता है। सीओएआई के महानिदेशक एस पी कोचर ने सरकार से स्पेक्ट्रम मूल्य निर्धारण और संबंधित राजस्व चिंताओं के बारे में उद्योग के लंबे समय से चले आ रहे मुद्दों पर विचार करने का भी अनुरोध किया। सीओएआई ने एक उचित हिस्सेदारी डेटा नेटवर्क उपयोग नीति को लागू करने की अपनी मांग भी दोहराई। गूगल, फेसबुक, नेटफ्लिक्स जैसे बड़े मंचों पर डेटा ट्रैफिक अत्यधिक है और ये कंपनियां इसके एवज में अपने राजस्व का एक हिस्सा दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को देती हैं। कोचर ने कहा, ''इन बड़ी कंपनियों की सेवाएं हर दिन बड़ी मात्रा में टेराबाइट डेटा की खपत करती हैं और सदस्यता शुल्क एवं विज्ञापन लागत के रूप में अर्जित राजस्व को अपने मूल देशों में वापस भेज देती हैं।'' सीओएआई का अनुमान है कि दूरसंचार नेटवर्क पर डेटा बोझ में वृद्धि और बड़ी डेटा उपभोग वाली कंपनियों द्वारा अर्जित राजस्व सरकारी खजाने में 10,000 करोड़ रुपये के बराबर है।

# महाराष्ट्र के दो जिलों में सूखे के कारण मौसंबी के 11 लाख से अधिक पेड़ों को नुकसान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**छत्रपति संभाजीनगर/भाषा।** सूखे की स्थिति और पानी की कमी के कारण महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर और पड़ोसी जालना जिले के बगीचों में 11 लाख से अधिक मौसंबी के पेड़ों को नुकसान हुआ है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी।

राज्य कृषि विभाग के एक अधिकारी ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि सूखे के कारण इन जिलों में 4,062 हेक्टेयर से अधिक भूमि पर लगे मौसंबी के पेड़ सूख गए हैं।

मौसंबी के उत्पादन के मामले में महाराष्ट्र देश में सबसे आगे है। राज्य में छत्रपति संभाजीनगर और जालना मौसंबी के सबसे बड़े उत्पादक जिलों में से एक हैं। अधिकारी ने बताया कि इन दोनों जिलों में 35,850 हेक्टेयर भूमि पर मौसंबी उगाई जाती है। उन्होंने बताया कि नियमों के अनुसार एक हेक्टेयर भूमि पर मौसंबी के 277 पेड़ उगाए जाते हैं। इस हिसाब से पिछले साल कम बारिश के कारण पानी की कमी से 11,25,174 मौसंबी के पेड़ सूख गए।

छत्रपति संभाजीनगर और जालना जिलों में 4,062 हेक्टेयर भूमि पर लगे मौसंबी के पेड़ सूखे से प्रभावित हुए हैं। इन दोनों जिलों में से जालना में सबसे अधिक नुकसान हुआ है, जहां 3,600 हेक्टेयर भूमि पर लगे पेड़ सूख गए हैं। जालना कृषि विभाग के एक अधिकारी ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, अब तक 3,590 मौसंबी के पेड़ सूख चुके हैं। कुछ किसानों ने पेड़ काट दिए हैं, जबकि अन्य ने अभी तक ऐसा नहीं किया है। छत्रपति संभाजीनगर में चार तहसीलों में नुकसान हुआ है। अधिकारियों ने बताया कि 472 हेक्टेयर भूमि पर फैले 1,30,744 पेड़ मर गए हैं और किसानों ने उन्हें काट दिया है।

जिला अधीक्षक कृषि अधिकारी प्रकाश देशमुख ने कहा, गन्ने की तरह मौसंबी भी ऐसी फसल है, जो साल भर पानी उपलब्ध रहने पर अच्छी कमाई की गारंटी देती है। लेकिन क्षेत्र में हर पांच साल बाद इसी तरह से ये पेड़ खत्म हो जाते हैं। देशमुख ने कहा, जब मौसंबी का पेड़ सूख जाता है, तो उसे काटना पड़ता है। सूखे पेड़ की उम्र तीन साल से लेकर 15 साल तक हो सकती है। आम तौर पर एक हेक्टेयर जमीन पर 277 मौसंबी के पौधे लगाए जाते हैं। कुछ किसान एक हेक्टेयर में 300 पेड़ लगाते हैं।

## जीवन बीमा कंपनियों को पॉलिसी पर अनिवार्य रूप से ऋण सुविधा उपलब्ध करानी होगी: इरडा

**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय बीमा विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (इरडा) ने सभी जीवन बीमा बचत उत्पादों में पॉलिसी ऋण की सुविधा अब अनिवार्य कर दी है, जिससे पॉलिसीधारकों को नकदी संबंधी जरूरतों को पूरा करने में मदद मिलेगी।

जीवन बीमा पॉलिसी के संबंध में सभी विनियमों को एकीकृत करने वाले 'मास्टर' परिपत्र को बुधवार को जारी करते हुए इरडा ने कहा कि 'फ्री-लुक' अवधि अब 30 दिन की है। पहले यह अवधि 15 दिन थी। 'फ्री-लुक' अवधि में पॉलिसी के नियमों तथा शर्तों की समीक्षा करने के लिए समय प्रदान किया जाता है। नया 'मास्टर' परिपत्र सामान्य बीमा पॉलिसी के लिए नियामक द्वारा की गई इसी प्रकार की प्रक्रिया के बाद आया है। इरडा ने कहा, '' यह बीमा नियामक द्वारा पॉलिसीधारकों के हितों को ध्यान में रखते हुए उठाए गए सुधारों की श्रृंखला में एक महत्वपूर्ण कदम है। अब नवाचार को बढ़ावा देने, ग्राहक अनुभव और संतुष्टि को बढ़ाने के लिए अनुकूल वातावरण उपलब्ध है।'' 'मास्टर' परिपत्र के अनुसार, पेंशन उत्पादों के तहत आंशिक निकासी की सुविधा की अनुमति दी गई है। इससे पॉलिसीधारकों को जीवन की महत्वपूर्ण घटनाओं जैसे बच्चों की उच्च शिक्षा या विवाह; आवासीय मकान/फ्लैट की खरीद/निर्माण; चिकित्सकीय व्यय तथा गंभीर बीमारी के उपचार के लिए अपनी विशिष्ट वित्तीय आवश्यकताओं को पूरा करने में मदद मिलेगी।



**कार्यभार**

बेंगलूरु में बुधवार को शहरी विकास विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव के रूप में एस.आर. उमाशंकर ने ग्रेटर बेंगलोर महानगर निगम के प्रशासक के रूप में कार्यभार संभाला। इस मौके पर मुख्य आयुक्त तुषार गिरि नाथ, विशेष आयुक्त मुनीश मौदगिल, सुरलकर विकास किशोर, डॉ. हरीश कुमार, शिवानंद कालकेरे, जोनल कमिश्नर स्नेहल, आर.एल. दीपक, कारी गौड़ा, रमेश, प्रीति गहलोत, वित्त उपायुक्त अजीत कुमार हेगड़े, उपायुक्त मंजूनाथ स्वामी, संयुक्त आयुक्त अजय और अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# अभिनेता दर्शन से जुड़े हत्या मामले की जांच के लिए पुलिस को खुली छूट दी गई है : राज्य गृह मंत्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने बुधवार को कहा कि हत्या के एक मामले में गिरफ्तार किए गए लोकप्रिय कन्नड़ अभिनेता दर्शन थुगुदीप और उनके सहयोगियों के खिलाफ कानूनी तौर पर कार्रवाई करने के लिए पुलिस को खुली छूट दे दी गई है। उन्होंने कहा कि पुलिस इस मामले की जांच करेगी और यह भी पता लगाएगी की कि क्या दर्शन एक 'आदतन अपराधी' हैं। उन्होंने कहा कि इसके बाद उनके खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इसी बीच, पुलिस बुधवार को थुगुदीप के चार सहयोगियों को घटनास्थल पर जांच के लिए यहां पट्टनगेरे ले गई। इसी स्थान पर हत्या की गई थी। निखिल, विनय, कार्तिक और राघवेंद्र उन 12 साथियों में शामिल हैं जिन्हें दर्शन के साथ मंगलवार को अभिनेता के प्रशंसक रेणुकास्वामी की हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।



परमेश्वर ने यहां संवाददाताओं से कहा, ''अपने प्रशंसक रेणुकास्वामी की हत्या करने के आरोप पर उन्हें (दर्शन को) मैसूरु से बेंगलूरु लाकर गिरफ्तार किया गया। उससे पूछताछ की जा रही है। जांच में जो भी आएगा उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी। कानून सबके लिए बराबर है चाहे वो दर्शन हो या परमेश्वर। इसलिए किसी को भी कानून अपने हाथ में नहीं लेना चाहिए।''

'चैलेंजिंग स्टार' के नाम से मशहूर दर्शन और उनके 12 सहयोगियों को अभिनेता के 33 वर्षीय प्रशंसक रेणुकास्वामी की हत्या करने के आरोप में मंगलवार को गिरफ्तार किया गया था। पुलिस के सूत्रों के मुताबिक, चित्रदुर्गा के जिला मुख्यालय शहर के निवासी रेणुकास्वामी ने कथित तौर पर दर्शन की करीबी दोस्त और अभिनेत्री पवित्रा गौड़ा के खिलाफ सोशल मीडिया पर टिप्पणी की थी। रेणुकास्वामी ने अभिनेत्री पर दर्शन और उनकी पत्नी के बीच दरार पैदा करने का आरोप लगाया था। मृतक ने कथित तौर पर अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया और आपत्तिजनक संदेश भी साझा किए।

परमेश्वर ने कहा, ''यदि रेणुकास्वामी ने दर्शन की महिला मित्र के बारे में सोशल मीडिया पर कुछ पोस्ट किया था, तो वह शिकायत कर सकते थे और पुलिस उस पर तुरंत कार्रवाई करती। जानकारी यह है कि उन्हें (रेणुकास्वामी को) चित्रदुर्गा से बेंगलूरु लाया गया, पीटा गया और फिर उनकी हत्या कर दी गई। इससे बचा जा सकता था।'' उन्होंने कहा, अब घटना हो चुकी है, एक व्यक्ति की जान चली गई है और कोई कुछ नहीं कर सकता। लेकिन कानून के अनुसार दोषियों के खिलाफ जो भी कार्रवाई की जानी है, वह पुलिस करेगी।

### अभिनेता दर्शन की गिरफ्तारी

# हत्या के मामले की जांच में चौंकाने वाली जानकारी सामने आई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कन्नड़ अभिनेता दर्शन थूगुदीप की मित्र और सह-कलाकार के खिलाफ कथित तौर पर अपमानजनक टिप्पणी करने वाले एक व्यक्ति की हत्या की जांच में चौंकाने वाली जानकारी सामने आई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, रेणुकास्वामी (33) ने सोशल मीडिया पोस्ट पर पवित्रा गौड़ा के खिलाफ अभद्र टिप्पणी की जिसकी वजह से दर्शन उसपर क्रोधित हो गए। उन्होंने कहा, पवित्रा ने ही दर्शन को रेणुकास्वामी को दंडित करने के लिए उकसाया था और इसके मुताबिक योजना बनाई गई।



रेणुकास्वामी चित्रदुर्गा के लक्ष्मी वेंकटेश्वर लेआउट के रहने वाले थे और एक फार्मेसी कंपनी में काम करते थे। सूत्रों के अनुसार, दर्शन ने दर्शन फैन क्लब के संयोजक राघवेंद्र उर्फ रघु की चित्रदुर्गा इकाई को योजना में शामिल किया, जिसने रेणुकास्वामी के बारे में सारी जानकारी प्राप्त की। रेणुकास्वामी की पत्नी सहाना ने कहा कि राघवेंद्र उनके पति को शुक्रवार रात उनके घर के पास से ले गया। सूत्रों ने कहा कि पीड़ित का अपहरण करके बेंगलूरु के कामाक्षीपाल्या इलाके में एक झोपड़ी में ले जाया गया। उन्होंने कहा कि उसके (रेणुकास्वामी के) पूरे शरीर की हड्डियों में कई फ्रैक्चर थे उन्होंने कहा, दर्शन ने रेणुकास्वामी को बेल्ट से पीटा और जब वह बेहोश हो गया तो उनके साथियों ने उसे लाठियों से पीटा। इसके अलावा उन्होंने उसे एक दीवार पर फेंक दिया जो घातक साबित हुआ।

# वसंतनरसापुरा, तुमकुर के पास एकीकृत टाउनशिप के निर्माण का निर्देश

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। शहरी विकास एवं शहरी नियोजन मंत्री बी. एस सुरेश (बैराती) ने नगर विकास विभाग के अधिकारियों को वसंतनरसापुरा, तुमकुर के पास एकीकृत टाउनशिप के निर्माण का निर्देश दिया। विधान सौधा में अपने कार्यालय में, उन्होंने शहरी विकास विभाग, कर्नाटक शहरी जल आपूर्ति और सीवरेज बोर्ड, कर्नाटक शहरी बुनियादी ढांचा विकास और वित्त निगम, शहरी विकास प्राधिकरण और शहरी और ग्रामीण योजना आयोग के तहत दस नगर निगमों के अधिकारियों के साथ मंत्री सुरेश बैराती ने बैठक की। उन्होंने गत 3 महीनों में उनके द्वारा किए गए कार्यों और परियोजनाओं पर चर्चा की।

मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने पहले ही पेश किए गए बजट में वसंतनरसापुरा के पास 500 एकड़ क्षेत्र में एक एकीकृत टाउनशिप के निर्माण की घोषणा की है। लोकसभा चुनाव के कारण अब तक आचार संहिता लागू थी, लेकिन अब जब आचार संहिता खत्म हो गयी है, तो मंत्री बैराती सुरेश ने नगर विकास विभाग के सचिवों और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को टाउनशिप के निर्माण पर ध्यान देने का निर्देश दिया है। हासन, चिक्कमगलूरु, बेलगाम और कोलार शहर क्षेत्र में ढांचागत विकास कार्य चल रहे हैं, उन्होंने सड़क डामरीकरण, सड़क निर्माण और रिंग रोड के निर्माण के लिए आवश्यक कदम उठाने को कहा। साथ ही मैसूर रिंग रोड के निर्माण में कुछ बाधाएं सामने आने पर उन्होंने अधिकारियों को कम समय के लिए दोबारा टेंडर बुलाने के निर्देश दिए। सरकार अन्य महानगरीय निगमों के साथ-साथ बड़े बेंगलूरु नगर निगम में भी निगम स्कूल खोलने की सोच रही है, साथ ही इन संभावनाओं पर भी जांच की जा रही है कि इन्हें कहां खोलना संभव है।

साथ ही मंत्री बैराती सुरेश ने अधिकारियों से कहा कि वे जांच करें कि क्या स्मार्ट सिटी योजना के तहत निगम स्कूल खोलना संभव है। मंत्री ने सचिवों को निर्देश दिया कि यदि नगर निगमों में बहुत अधिक अधिकारी एवं कर्मचारी हैं तो उन्हें ऐसे स्थानों पर नियुक्त करना संभव है, जहां मानव संसाधन कम है। बैठक में मंत्री ने विभाग के अधिकारियों को ऋण सेवा या अनुबंध के आधार पर सहायक अभियंता, कनिष्ठ अभियंता सहित तकनीकी कर्मचारियों की नियुक्ति करने और लंबित कार्यों और परियोजनाओं को पूरा करने का निर्देश दिया।

मंत्री बैराती सुरेश ने नगर विकास विभाग के सचिव को अमृत 2.0 परियोजना के तहत राज्य के शहरी क्षेत्रों में किये जाने वाले विकास कार्यों की लागत राशि को लेकर कार्ययोजना बनाने का निर्देश दिया। इस मौके पर शहरी विकास विभाग की सचिव दीपा चोलन, कर्नाटक शहरी जल आपूर्ति और सीवरेज बोर्ड के प्रबंध निदेशक सरथ बी, कर्नाटक शहरी बुनियादी ढांचा विकास और वित्त निगम के प्रबंध निदेशक जी लक्ष्मीकांत रेड्डी, शहरी विकास प्राधिकरण और शहरी और ग्रामीण योजना आयोग के आयुक्त वेंकटचलपति, शहरी और ग्रामीण योजना निदेशक थिप्पेस्वामी बैठक में नगरपालिका प्रशासन निदेशालय के संयुक्त निदेशक विजया कुमार, मुख्य वास्तुकार चंद्रप्पा और कुछ वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।



## सम्पत्ति को लेकर महिला की हत्या

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। हाई ग्राउन्ड पुलिस थाना क्षेत्र में एक महिला की हत्या कर दी गई। सोमनी सत्यभामा (49) नामक महिला जो पेशे से नर्स हैं उन पर जानलेवा हमला कर घातक हथियार से हमला कर हत्या की गई। जानकारी के अनुसार यह हत्या सम्पत्ति को लेकर हुई है। सत्यभामा रात्रि 9 बजे अपना काम खत्म कर आईटीसी विन्डर्स मैनर होटल के पास सर्विस रोड से जा रही थी कि उनके परिवार के भतीजे सागर, शिवशंकर और अन्य ने मिलकर उन पर हमला कर दिया। सत्यभामा के पुत्र अनिल ने पुलिस को शिकायत में बताया कि उनकी मां की सम्पत्ति को लेकर उनके भाई और भतीजों ने चाकू से हमला कर हत्या की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



# राजीव गांधी हाउसिंग कॉर्पोरेशन की परियोजनाओं में तेजी लाने के निर्देश : मंत्री जमीर अहमद खान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। आवास मंत्री जमीर अहमद खान ने राजीव गांधी हाउसिंग कॉर्पोरेशन द्वारा शुरू की गई आवास परियोजनाओं को त्वरित गति से पूरा करने का निर्देश दिया है। बुधवार को राजीव गांधी आवास निगम की प्रगति की समीक्षा करते हुए उन्होंने निर्देश दिया कि प्रधानमंत्री नगर आवास योजना के तहत गरीब परिवारों के लिए आवास निर्माण में तेजी लायी जाये।

उन्होंने कहा कि राज्य में इस योजना के तहत 52,000 घरों में से 11,400 घरों को जल्द से जल्द आवंटित किया जाना चाहिए और हाउसिंग कॉम्प्लेक्स और बुनियादी ढांचे का काम समय सीमा के भीतर पूरा किया जाना चाहिए। बसवा, अंबेडकर, देवराज अरासु, वाजपेयी नगर और प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण आवास के मामले में लाभार्थियों के चयन में देरी की शिकायतें हैं। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करें कि सब्सिडी की राशि समय पर पहुंचे।

उन्होंने कहा कि बेंगलूरु शहर में बन रहे एक लाख मुख्यमंत्री आवास का काम जल्द से जल्द पूरा करें और लाभुक वर्षों से इंतजार कर रहे हैं, जल्द से जल्द वितरण की कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि चूंकि प्रधानमंत्री नगर एवं ग्रामीण आवास योजना के तहत केंद्र सरकार की भागीदारी है, इसलिए अधिक फंडिंग के लिए वे जल्द ही दिल्ली जाकर केंद्रीय मंत्री से मिलेंगे। समीक्षा बैठक में आवास विभाग के सचिव नवीन राज सिंह, निगम के प्रबंध निदेशक सुशीलम्मा, प्रधान वास्तुकार संजीव रेड्डी, परशु रमण गौड़ा और अन्य उपस्थित थे।

# लड़की की आत्महत्या 11वीं कक्षा में सीटों की कमी के कारण नहीं हुई : शिक्षा मंत्री शिवनकुट्टी

तिरुवनंतपुरम/दक्षिण भारत। केरल के शिक्षा मंत्री वी शिवनकुट्टी ने बुधवार को कहा कि मलप्पुरम जिले में एक छात्रा की आत्महत्या दुर्भाग्यपूर्ण है। लेकिन उन्होंने उन खबरों को खारिज कर दिया जिनमें दावा किया गया था कि छात्रा ने यह कदम इसलिए उठाया क्योंकि उसे प्रवेश प्रक्रिया के दौरान 11वीं कक्षा में सीट नहीं मिली थी। शिक्षा मंत्री की यह प्रतिक्रिया ऐसे समय आई है, जब उत्तरी जिले मलप्पुरम में उच्चतर माध्यमिक छात्रों के लिए स्कूलों में सीटों की कथित कमी को लेकर वामपंथी सरकार को विपक्षी दलों की आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। मंत्री ने विधानसभा में कहा कि परप्पनंगडी में सरकारी स्कूल के 10वीं पास छात्रा की मौत के कारण का विवरण पुलिस से मांगा गया है। उन्होंने कहा, शुरुआती जांच के अनुसार, ये समझा जा सकता है कि छात्रा को सीट नहीं मिलने की कोई आशंका नहीं है। आवंटन का केवल पहला चरण ही अभी पूरा हुआ है। आवंटन का दूसरा चरण और सामुदायिक कोटा प्रवेश आज से शुरू हो रहा है। शिक्षा मंत्री शिवनकुट्टी ने कहा कि इसके बाद पूरक आवंटन भी होंगे और कक्षाएं 24 जून से शुरू होंगी। उस समय तक सभी विद्यार्थियों को विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश सुनिश्चित कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा, यह बहुत दुखद है कि बच्चे ने बिना इंतजार किए इस दुनिया को अलविदा कह दिया। उन्होंने मीडिया से अनुरोध किया कि '11वीं कक्षा में प्रवेश' को लेकर 'अनावश्यक चर्चा' करके अभिभावकों और छात्रों पर मानसिक दबाव नहीं बनाएं।

# वाल्मिकी निगम प्रकरण : पुलिस ने 8 करोड़ रुपए सीज किए

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। वाल्मिकी निगम के 187 करोड़ में से 8 करोड़ रुपए पुलिस ने 18 बेनामी बैंक खातों से सीज किए हैं।

हैदराबाद में सत्यनारायण वर्मा नामक एक व्यक्ति को इस सिलसिले में गिरफ्तार किया गया था। उसके द्वारा प्राप्त खातों की जानकारी के आधार पर यह रकम सीज की गई।

पुलिस ने बताया 18 बैंक एकाउन्ट अलग अलग नाम से थे। और सभी को वाल्मिकी निगम से पैसा ट्रांसफर्म हुआ था। बेंगलूरु के एमजी रोड स्थित यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के वाल्मिकी निगम के खाते से विभिन्न खातों में 94 करोड़ रुपए ट्रांसफर्म हुए थे।

# पॉक्सो मामले में सीआईडी ने भाजपा नेता येडीयुरप्पा को नोटिस जारी किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक के आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) ने पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा नेता बीएस येडीयुरप्पा को उनके खिलाफ दर्ज पॉक्सो मामले में नोटिस जारी कर जांच के लिए पेश होने को कहा है। पुलिस सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। पूर्व मुख्यमंत्री के करीबी सूत्रों ने बताया कि येडीयुरप्पा फिलहाल दिल्ली में हैं और लौटने के बाद उनके जांच में शामिल होने की संभावना है।

पुलिस के अनुसार, 17 वर्षीय एक लड़की की मां की शिकायत के आधार पर येडीयुरप्पा के खिलाफ यौन अपराध से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम और भारतीय दंड संहिता की धारा 354 ए (यौन उत्पीड़न) के तहत मामला दर्ज किया गया है।



महिला ने आरोप लगाया था कि इस साल दो फरवरी को एक बैठक के दौरान येडीयुरप्पा ने उसकी बेटी का यौन उत्पीड़न किया। सदाशिवनगर पुलिस द्वारा 14 मार्च को मामला दर्ज किए जाने के कुछ घंटों बाद कर्नाटक के पुलिस महानिदेशक आलोक मोहन ने एक आदेश जारी कर इसे तत्काल प्रभाव से आगे की जांच के लिए सीआईडी को स्थानांतरित कर दिया था।

येडीयुरप्पा पर आरोप लगाने वाली 54 वर्षीय महिला की पिछले महीने फेफड़ों के कैंसर के कारण यहां एक निजी अस्पताल में मौत हो गई थी। येडीयुरप्पा (81) ने आरोप से इनकार किया है और कहा है कि वह कानूनी रूप से मामला लड़ेंगे।

पार्टी के एक सूत्र ने कहा, ''सीआईडी ने कल नोटिस भेजकर उन्हें आज पेश होने को कहा था। हालाँकि, चूँकि वह इस समय दिल्ली में हैं, इसलिए उन्होंने समय मांगा है। वह तीन दिन बाद पुलिस के सामने पेश होंगे।''

पुलिस ने कहा कि सीआईडी पहले ही दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 164 के तहत पीड़िता और उसकी मां का बयान दर्ज कर चुकी है।



### क्या कर्नाटक में 'भारत माता की जय' नहीं बोला जा सकता?

# कांग्रेस सरकार ने राज्य को गुंडों के हवाले कर दिया : विपक्ष नेता आर. अशोक

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

दक्षिण कन्नड़। कर्नाटक में 'भारत माता की जय', 'जय श्रीराम' बोलना क्या गलत है? विधानसभा में विपक्ष के नेता आर. अशोक ने आक्रोश जताते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार ने राज्य को गुंडों के हाथों में दे दिया है और बोल रखा है कि अगर कोई ऐसे नारे लगाएंगे तो उन्हें चाकू मार दिया जाए।

आर. अशोक ने दक्षिण कन्नड़ जिले के बोलियार में 'भारत माता' के नारे लगाने पर कट्टरपंथियों के हमले का शिकार बने भाजपा कार्यकर्ताओं जो मंगलूरु के एक अस्पताल में इलाज करा रहे हैं, उनसे मुलाकात की और उनका हौसला बढ़ाया। बाद में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए भाजपा सचेत रहेगी। हम सभी कार्यकर्ताओं के साथ सदैव खड़े हैं। सरकार को इस मामले में सही जांच करनी चाहिए। उन्होंने सरकार द्वारा उचित मुआवजा दिए जाने की भी मांग की है।

उन्होंने कहा कि 'भारत माता की जय' का नारा लगाने पर बीजेपी कार्यकर्ता हरीश और नंदकुमार को चाकू मार दिया गया। इस तालिबानी सरकार से पाकिस्तान का नारा सुनाई दे रहा है। हम इस घटना पर सदन में सवाल उठाएंगे और लड़ेंगे। उन्होंने शिकायत की कि विधानसभा अध्यक्ष और स्वास्थ्य मंत्री कार्यक्रम के लिए अस्पताल आये, लेकिन उन्होंने घायलों को नहीं देखा और उन्हें सांत्वना नहीं दी।

उन्होंने वाल्मिकी विकास निगम में मुख्यमंत्री के इस्तीफे की मांग करते हुए कहा कि वाल्मिकी विकास निगम में 20 फीसदी पैसा निगलने वाले मंत्री का इस्तीफा लिया गया। लेकिन 80 फीसदी पैसा निगलने वाले मुख्यमंत्री सिद्दरामैया को भी इस्तीफा दे देना चाहिए। हम सदन में इसकी मांग करेंगे।

# आपदा तैयारियों की समीक्षा के लिए टोंडियारपेट यार्ड में मॉक ड्रिल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। दक्षिण रेलवे ने आपदा प्रबंधन कौशल को बढ़ाने और आपदा की तैयारी, राहत और बचाव कार्यों की समीक्षा करने के लिए एक व्यापक अभ्यास में, आज 12 जून की सुबह-सुबह टोंडियारपेट मार्शलिंग यार्ड में एक संयुक्त मॉक ड्रिल आयोजित की गई। दक्षिण रेलवे के चेन्नई डिवीजन के सुरक्षा, नागरिक सुरक्षा और आरपीएफ विंग ने राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ), तमिलनाडु आपदा प्रतिक्रिया बल (टीएनडीआरएफ) और मेट्रोपॉलिटन आपदा प्रतिक्रिया बल जैसी केंद्रीय एजेंसियों के साथ समन्वय में इस मॉक ड्रिल अभ्यास का आयोजन किया। अभ्यास के लिए 400 पेशेवर रूप से प्रशिक्षित चालक दल और अत्याधुनिक उपकरणों की एक टीम तैनात की गई थी।



यह मॉक ड्रिल अंतर्निहित सुरक्षा प्रोटोकॉल के अनुसार, प्रमुख मुख्य सुरक्षा अधिकारी श्रीगणेश और अतिरिक्त मंडल रेल प्रबंधक अंकुर चौहान, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. शोभा जैस्मीन, वरिष्ठ मंडल सुरक्षा अधिकारी एम बालामुरली, वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त बी. रामकृष्ण, उपमुख्य सुरक्षा अधिकारी/यातायात नितिन नोबर्ट, उपमुख्य सुरक्षा अधिकारी यांत्रिक और मंडल के अन्य शाखा अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया।

इसके अलावा, एनडीआरएफ के वरिष्ठ अधिकारियों, टीपीएस अय्यासामी, कमांडेंट, 13वीं बटालियन, अवाडी, तमिलनाडु और पी. सुधाकर, डिप्टी कमांडेंट, 4 वीं बटालियन, अरकोनम ने एनडीआरएफ दल का नेतृत्व किया। आर. मुरुगन, अतिरिक्त डिवीजनल फायर ऑफिसर, उत्तरी चेन्नई ने अग्नि बचाव दल का नेतृत्व किया। चार घंटे तक चले मॉक ड्रिल के दौरान, खराब हो चुके कोचों और यात्रियों के डमी का उपयोग करके दुर्घटना के दृश्य का अनुकरण किया गया। मॉक ड्रिल के लिए दुर्घटना स्थल पर डॉक्टरों, पैरामेडिकल स्टाफ, बचावकर्मियों, इंजीनियरों और यात्रियों को मलबे से निकालने के लिए आपातकालीन उपकरणों को भेजा गया। एनडीआरएफ, टीएनडीआरएफ और एमडीएफ टीम ने दुर्घटनाओं के मामले में किए जाने वाले बचाव और राहत कार्यों का अभ्यास किया और ऐसी घटनाओं के दौरान तैयारियों की जांच की गई।



# राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष ने दपरे महाप्रबंधक के साथ बैठक की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

हुब्बल्ली। राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष एम वेंकटेशन ने बुधवार को दक्षिण पश्चिम रेलवे (दपरे) के महाप्रबंधक अरविंद श्रीवास्तव के साथ बैठक की, जिसमें रेलवे क्षेत्र में कार्यरत सफाई कर्मचारियों के कल्याण और कार्य स्थितियों से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। वेंकटेशन ने सफाई कर्मचारियों के लिए बेहतर कार्य स्थितियों की जरूरत पर जोर दिया, जिसमें बेहतर स्वच्छता सुविधाएं, सुरक्षा उपकरण और नियमित स्वास्थ्य जांच शामिल हैं। इसके अलावा समय पर वेतन भुगतान, वेतनमान में संशोधन तथा सफाई कर्मचारियों को चिकित्सा बीमा, अवकाश, बोनस जैसे अतिरिक्त लाभ देने के संबंध में चर्चा हुई।

अध्यक्ष ने सफाई कर्मचारियों के कार्य स्थलों पर उत्पीड़न की रोकथाम, जूतों की उपलब्धता, बरसात के मौसम में रेन जैकेट और अन्य सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने यह भी देखा कि दपरे श्रमिक कल्याण पोर्टल में अनुबंध कर्मचारियों के डेटा को अनिवार्य रूप से अपडेट किया जा रहा है।

बैठक में सफाई कर्मचारियों के प्रति सम्मान और गरिमा को बढ़ावा देने तथा भेदभाव समाप्त करने के लिए रेलवे कर्मचारियों के बीच जागरूकता और संवेदनशीलता के कार्यक्रमों की जरूरत पर जोर दिया गया।

महाप्रबंधक अरविंद श्रीवास्तव ने बैठक में उठाए गए मुद्दों के समाधान के लिए प्रतिबद्धता व्यक्त की। उन्होंने सुझाए गए उपायों को लागू करने के लिए तत्काल कदम उठाने पर सहमति जताई।

दोनों तरफ से, रेलवे परिसर की स्वच्छता और सफाई में कर्मचारियों के योगदान की सराहना की गई। साथ ही इन कर्मचारियों के लिए कामकाजी वातावरण और जीवन की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए प्रतिबद्धता दोहराई गई। इस अवसर पर दपरे के अतिरिक्त महाप्रबंधक केएस जैन, मंडल रेल प्रबंधक हर्ष खरे, प्रधान विभागाध्यक्ष, संयुक्त निदेशक (समाज कल्याण) तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी और सफाई कर्मचारियों की यूनियन के नेता मौजूद थे।




# अपराध मुक्त राजस्थान के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध : मुख्यमंत्री भजनलाल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने प्रदेश में शांति एवं कानून व्यवस्था को बनाए रखना राज्य सरकार की प्रमुख प्राथमिकता बताते हुए कहा है कि 'आमजन में विश्वास और अपराधियों में भय' के ध्येय वाक्य के साथ राजस्थान पुलिस कर्मठता से अपने कर्तव्य का निर्वहन कर रही है। शर्मा बुधवार को राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस के अवसर पर राजस्थान पुलिस अकादमी में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह को सम्बोधित कर रहे थे।

उन्होंने सभी पुलिसकर्मियों एवं अधिकारियों को स्थापना दिवस की बधाई दी। साथ ही कर्तव्य निर्वहन के दौरान शहीद हुए वीर जवानों को नमन किया। उन्होंने कहा कि राजस्थान पुलिस ने अपने 75 वर्षों के गौरवशाली इतिहास में वीरता, कर्तव्यनिष्ठा और जनसेवा की एक अद्वितीय मिसाल पेश की है जो अपराध मुक्त राजस्थान की दिशा में मील का पत्थर साबित हो रहा है।

उन्होंने कहा कि आमजन की सुरक्षा के लिए राज्य सरकार लगातार कई बड़े फैसले ले रही हैं, जिससे अपराध के आंकड़ों में गिरावट आई है। राज्य सरकार ने पेपरलीक मामले में एसआईटी जांच, एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स का गठन, महिला एवं दलित अत्याचार को कम करने सहित विभिन्न मामलों में कई नीतिगत निर्णय लिए हैं, जिनके अपेक्षित परिणाम सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि महिला सुरक्षा व सशक्तीकरण को बढ़ावा देने के लिए एंटी रोमियो स्क्वाड का गठन किया गया है। साथ ही 174 पुलिस थानों में भी महिला डेस्क की स्थापना कर महिला परिवादियों की सुनवाई सुनिश्चित हो रही है।

उन्होंने विश्वास दिलाया कि संवैधानिक मूल्यों की सुरक्षा के लिए प्रदेश सरकार और पुलिस कृत संकल्पित है। मुख्यमंत्री ने कहा कि समय के साथ अपराधों के तरीके बदल रहे हैं, ऐसे में राजस्थान पुलिस भी खुद को लगातार आधुनिक बना रही है। पुलिस बल को आधुनिक हथियारों, फॉरेंसिक साइंस और साइबर अपराध की रोकथाम जैसी तकनीकों में दक्ष बनाया जा रहा है ताकि वे भविष्य में आने वाली प्रत्येक चुनौती का सामना कर सकें। उन्होंने कहा कि रामराज्य की परिकल्पना को साकार करते हुए हमारी सरकार आमजन की सुरक्षा को लेकर पूरी मुस्तैदी के साथ काम कर रही है।

इस अवसर पर शर्मा ने राजस्थान पुलिस कल्याण निधि के लिए 1.5 करोड़, राजस्थान पुलिस बेनेवलेन्ट फण्ड के लिए एक करोड़ तथा उत्सव फंड में एक करोड़ से बढ़ाकर 1.5 करोड़ रुपए आवंटित करने की घोषणा भी की।

इस मौके पर पुलिस महानिदेशक यू आर साहू ने कहा कि जनमानस में पुलिस की विश्वसनीयता तथा कर्तव्यपरायणता को और मजबूत बनाने में राजस्थान पुलिस कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगी।

इससे पहले शर्मा ने पुलिस शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित कर शहादत को नमन किया। मुख्यमंत्री ने आरपीए के परेड ग्राउण्ड में सेरेमोनियल परेड में राजस्थान पुलिस अकादमी, चतुर्थ एवं पांचवीं बटालियन आरएसी, हाड़ी रानी बटालियन, एसडीआरएफ, जीआरपी, एमबीसी एवं ईआरटी की एक-एक प्लाटून के अलावा जयपुर पुलिस आयुक्तालय की तीन प्लाटून (निर्भया स्कवॉड, पुलिसकर्मी और यातायात प्लाटून) का परेड निरीक्षण करते हुए सलामी ली।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने उत्कृष्ट सेवाओं के लिए पुलिस अधिकारी एवं कार्मिकों को पुलिस पदक से सम्मानित किया। कार्यक्रम में मुख्य सचिव सुधांश पंत, महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो रवि प्रकाश मेहरड़ा, महानिदेशक पुलिस एस.सी.आर.बी. हेमन्त प्रियदर्शी, महानिदेशक इन्टेलिजेन्स संजय कुमार अग्रवाल सहित पुलिस विभाग के बड़ी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

## राजस्थान में भाजपा सरकार वादे के मुताबिक नहीं कर पा रही हैं काम : गहलोत

जयपुर। राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक गहलोत ने राज्य की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार पर वादे के मुताबिक काम नहीं कर पाने का आरोप लगाते हुए कहा है कि यह ना तो वादे के मुताबिक पेट्रोल-डीजल की कीमतें गुजरात और हरियाणा के समान कर सकी है और ना ही महंगाई से राहत देने के लिए पहले से चल रहीं योजनाओं को मजबूत कर सकी है। गहलोत ने सोशल मीडिया पर बुधवार को यह बात कही। उन्होंने कहा हमारी सरकार ने महंगाई राहत कैंप लगाकर जनता को 10 राहत भरी योजनाएं दी थीं जिनमें 100 यूनिट घरेलू बिजली फ्री भी शामिल थी। इससे करीब 1.04 करोड़ उपभोक्ताओं का बिल शून्य हो गया था और महंगाई से बड़ी राहत मिली थी।

उन्होंने कहा कि इन योजनाओं को आगे बढ़ाने की गारंटी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विधानसभा चुनावों में देकर गए परन्तु राजस्थान सरकार इस गारंटी को झूठी साबित कर रही है। नए घरेलू बिजली उपभोक्ताओं एवं पूर्व में रजिस्ट्रेशन ना करवा पाने वाले उपभोक्ताओं के लिए नई सरकार ने कोई प्रक्रिया ही नहीं रखी है जिससे करीब 30 लाख उपभोक्ता प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर बिजली से संबंधित एक खबर को शेयर करते हुए कहा कि राजस्थान की भाजपा सरकार वादे के मुताबिक काम नहीं कर पा रही है।



# हस्तशिल्प और हुनर से जुड़े ग्रामीण कलाकारों की कला को मिले बाजार : राज्यपाल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र ने पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र द्वारा राजस्थान सहित सदस्य राज्यों गुजरात, महाराष्ट्र, गोवा तथा केन्द्र शासित प्रदेश दमण, दीव तथा दादरा नगर हवेली में कला और कलाकारों के प्रोत्साहन के लिए अधिकाधिक कार्यक्रम किए जाने के निर्देश दिए। मिश्र बुधवार को गुजरात के वडोदरा में पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र की संचालन समिति और कार्यकारी समिति की वार्षिक बैठक में संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल के निर्देश पर अब 156 के स्थान पर 200 से अधिक कार्यक्रम केंद्र करायेगा।

केंद्र की संचालन समिति की बैठक में यह निर्णय किया गया। राज्यपाल ने ग्रामीण कलाकारों को अधिकाधिक अवसर प्रदान करने और स्थानीय कलाओं, धरोहर के संरक्षण के लिए भी कार्य करने की आवश्यकता जताई। बैठक में राज्यपाल ने केन्द्रीय संस्कृति मंत्रालय द्वारा विभिन्न कला श्रेणियों के तहत कलाकारों के प्रस्तुति के निर्धारित शुल्क में बढ़ोतरी के प्रस्तावित निर्णय की सराहना की। इसके अंतर्गत दृश्य कलाओं को भी सम्मिलित करने का सुझाव दिया गया। मिश्र के निर्देश पर इस संबंध में केंद्र सरकार को प्रस्ताव भिजवाया जाएगा।

राज्यपाल के निर्देश पर बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि राजस्थान की विरासत और कलाओं से आम जन को जोड़ने के लिए शिल्पग्राम और बागोर की हवेली संग्रहालय में वयस्क और बच्चों लिए निर्धारित शुल्क में एकरूपता करते हुए अधिकाधिक लोगों के वहां आने को प्रोत्साहित किया जाएगा। उन्होंने सांस्कृतिक समन्वय के लिए पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक कला केंद्र को कार्य योजना बनाकर तेजी से कार्य करने का भी आह्वान किया।

मिश्र ने बैठक में पश्चिमांचल राज्यों की कला और सांस्कृतिक विरासत के संवर्धन और प्रोत्साहन के साथ विलुप्त होती कलाओं को आम जन में फिर से लोकप्रिय करने के लिए प्रयास किए जाने के भी निर्देश दिए हैं। उन्होंने पश्चिम क्षेत्र कला केन्द्र को कलाओं के प्रति समाज में अनुराग का वातावरण बनाने, देहात में बसने वाले कलाकारों को राष्ट्रीय स्तर का मंच प्रदान करने और पारम्परिक कलाओं और कलाकारों के उत्पादों के विपणन के लिए भी कारगर प्रयास किए जाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि समाज के सभी वर्गों को जोड़कर वरिष्ठ और युवा कला कार्यशालाएँ, कला प्रशिक्षण के कार्यक्रम सुदूर गांव-ढाणियों में भी निरंतर होने चाहिए। उन्होंने कहा कि वही समाज संवदेनशील बना रहता है जहां कला और कलाकारों का वास होता है।

राज्यपाल ने पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र द्वारा अपने सदस्य राज्यों राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, गोवा तथा केन्द्र शासित प्रदेश दमण, दीव तथा दादरा नगर हवेली की सांस्कृतिक विरासत तथा लोक कलाओं को आम लोगों तक पहुंचाने के लिए भी अधिकाधिक प्रयास किए जाने पर जोर दिया। उन्होंने केन्द्र द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत 'हर घर तिरंगा', 'मेरी माटी मेरा देश' जैसे कार्यक्रमों की सराहना की तथा कहा कि उदयपुर जैसे शिल्पग्राम उत्सव अन्य स्थानों पर भी होने चाहिए। इससे स्थानीय शिल्प, कलाओं के साथ ही हस्तशिल्प तथा अन्य कला उत्पादों के प्रभावी विपणन की दिशा में भी कार्य करने का आह्वान किया।

## महिला ने दो बच्चों के साथ टांके में कूदकर की आत्महत्या

बाड़मेर/दक्षिण भारत। राजस्थान में बाड़मेर जिले के नागणा थाना क्षेत्र में एक महिला के दो बच्चों के साथ टांके में कूदकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने बुधवार को बताया कि सिंधियों की ढाणी में मंगलवार शाम को रहमत (28) का अपने पति शकूर खान विवाद चल रहा था। इससे नाराज होकर वह अपनी बेटी मरियम (आठ) एवं बेटे यासीन (पांच) को घर से करीब एक किलोमीटर दूर स्थित टांके पर ले गयी और उनके साथ टांके में कूद गयी। थोड़ी देर बाद घर पर बच्चे एवं पत्नी नहीं दिखने पर उसने परिजनों के साथ उनकी तलाश की, तो ढूंढते- ढूंढते टांके के पास पहुंचे वहां चप्पल पड़े थे। अंधेरा होने के कारण आसपास के लोगों ने टॉर्च की रोशनी करके टांके में देखा तो मां एवं बच्चे नजर आये। परिजनों और ग्रामीणों की मदद से तीनों को आनन-फानन में बाहर निकाला गया। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची। तीनों को हॉस्पिटल लेकर आये। वहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने तीनों शव बाड़मेर मेडिकल कॉलेज के डिस्ट्रिक्ट हॉस्पिटल के शवगृह में रखवा दिये। पीहर पक्ष की रिपोर्ट मिलने पर मामला दर्ज करके आगे की कार्रवाई की जायेगी। घटना के कारण का पता नहीं चल सका है।

## कांस्टेबल ने खुद पर गोली चलाकर की आत्महत्या

जयपुर/दक्षिण भारत। राजस्थान में पाली शहर के औद्योगिक थाना में तैनात एक कांस्टेबल द्वारा सर्विस राइफल से गोली चलाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार औद्योगिक थाना में तैनात कांस्टेबल भरत चौधरी (27) ने मंगलवार रात को अपने कमरे में अपनी सर्विस राइफल से स्वयं के सिर में गोली मार दी। गोली की आवाज सुनकर अन्य पुलिसकर्मी भरत के कमरे में पहुंचे। भरत की मौके पर ही मौत हो गयी। घटना की सूचना पर जिला पुलिस अधीक्षक चूराराम जाट भी मौके पर पहुंचे और जानकारी ली। शव को बांगड अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## बाड़मेर में एक व्यक्ति ने कुल्हाड़ी मारकर अपनी पत्नी की हत्या कर दी

जयपुर/दक्षिण भारत। राजस्थान के बाड़मेर जिले के धोरीमन्ना थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी की कुल्हाड़ी से वार कर कथित तौर पर हत्या कर दी। धोरीमन्ना थानाधिकारी गिरधारी राम ने बुधवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि घटना मंगलवार रात की है। वारदात में आरोपी की 18 वर्षीय बेटी भी घायल हो गई। उन्होंने बताया कि हत्या के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपी चुन्नी लाल (40) मानसिक रूप से बीमार प्रतीत होता है। उसने अपनी पत्नी जिया (38) पर कुल्हाड़ी से वार किया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने बताया कि आरोपी को हिरासत में लिया गया है और उससे पूछताछ की जा रही है। उन्होंने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए शवगृह में रखवा दिया गया है।

### उद्घाटन



जयपुर में बुधवार को राजस्थान की खेल प्रतिभा को बढ़ावा देने के लिए 21 दिवसीय 64वां केंद्रीय आवासीय खेलकूद प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने किया।

# जल जीवन मिशन के लक्ष्य हासिल करना सुनिश्चित करें अधिकारी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



जयपुर। जयपुर के कलक्ट्रेट सभागार में बुधवार को जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक का आयोजन हुआ। अतिरिक्त जिला कलक्टर (चतुर्थ) लोकेश कुमार मीणा की अध्यक्षता में आयोजित हुई बैठक में जिले में जल जीवन मिशन के अंतर्गत स्वीकृत योजनाओं की तकनीकी स्वीकृतियों एवं कार्य की वर्तमान प्रगति, हर घर नल से जल कनेक्शन की वस्तुस्थिति सहित अन्य अहम बिंदुओं पर चर्चा हुई।

लोकेश मीणा ने कहा कि जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग और डिस्कॉम के अधिकारी आपसी सहयोग एवं समन्वय से कार्य करते हुए ज्यादा से ज्यादा कनेक्शन करें, ताकि योजना के तहत जिले को मिले लक्ष्य को शतप्रतिशत हासिल किया जाना सुनिश्चित किया जा सके। जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियंता एवं जिला जल एवं स्वच्छता मिशन के सदस्य सचिव आनंद प्रकाश मीणा ने जानकारी दी कि जिले में अभी तक जल जीवन मिशन के तहत 58.33 फीसदी कवरेज हासिल किया जा चुका है जबकि प्रदेश का कुल औसत 49.73 प्रतिशत है।

जयपुर जिले के कुल 4 लाख 41 हजार 680 परिवारों में से कुल 2 लाख 57 हजार 645 परिवारों को क्रियाशील कनेक्शन का लाभ दिया जा चुका है। शेष 1 लाख 84 हजार 35 परिवारों को मार्च, 2025 तक चरणबद्ध तरीके से हर घर नल कनेक्शन प्रदान किया जाना प्रस्तावित है।

बैठक में लोकेश मीणा ने अधिकारियों को जल जीवन मिशन के तहत आवंटित लक्ष्यों को जल्द से जल्द हासिल करने के निर्देश दिये। बैठक में स्कूल, आंगनबाड़ी केन्द्रों, पंचायत तथा स्वास्थ्य केन्द्रों को नल कनेक्शन जारी करने, जिले में गठित ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति का बैंक खाते खुलवाने, अटल भू-जल योजना की कार्य प्रगति एवं जल जीवन मिशन की प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर भी चर्चा हुई।

बैठक में जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग, जयपुर विद्युत वितरण निगम सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# अधिकारी डेटा विश्लेषण तक ही सीमित न रहें, मल्टी टास्किंग बनें : नवीन जैन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



जयपुर। आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के शासन सचिव श्री नवीन जैन ने कहा कि सांख्यिकी विभाग के अधिकारी होने के नाते यह आवश्यक है कि हम डेटा के संग्रहण एवं विश्लेषण तक ही स्वयं को सीमित न रखें बल्कि जिज्ञासा और कुछ नया सीखने की ललक हमेशा बनाए रखें। उन्होंने विभाग के अधिकारियों से मल्टी टास्किंग बनने की अपेक्षा की।

श्री जैन बुधवार को झालाना स्थित भामाशाह टेक्नो हब में आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के जिला स्तरीय अधिकारियों की तीन दिवसीय क्षमता संवर्धन राज्य स्तरीय कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिप्रेक्ष्य में अधिकारियों को अपने पद के दायित्वों के निर्वहन के साथ बहुमुखी होना भी बेहद जरूरी है,ताकि उनके व्यक्तित्व का सम्पूर्ण विकास हो सके।

कार्यशाला का शुभारंभ विभाग के निदेशक एवं संयुक्त शासन सचिव श्री विनेश सिंघवी के स्वागत उद्बोधन से हुआ। प्रतिभागियों के परिचय के साथ श्री सिंघवी ने कार्यशाला की थीम के सम्बंध में जानकारी दी। विभाग के संयुक्त शासन सचिव श्री सुशील कुल्हरी ने कहा कि राज्य में सरकारी मशीनरी को और सुदृढ़ बनाने के लिए समय समय पर कर्मचारी-अधिकारियों का प्रशिक्षण अत्यंत जरूरी है। उन्होंने कहा कि आज के आधुनिक समय में हमारा ध्येय होना चाहिए कि हर कर्मचारी को कर्मयोगी बनना है।

उन्होंने विभाग की कार्यशैली के संबंध में कहा कि एक बहुआयामी विभाग होने के कारण अधिकारी के रूप मे इस विभाग में हमें बहुत कुछ सीखने को मिलता है। विभाग की कार्यप्रणाली इस प्रकार की है जिसमें विभिन्न विभागों से डेटा को एकत्रित कर समय-समय पर उन्हें अपडेट किया जाता है जिससे हर अधिकारी सरकारी मशीनरी से पूरी तरह से वाकिफ रहते है।

# कृषक उपहार योजना के तहत राज्य स्तर पर निकाली ऑन-लाइन लॉटरी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। प्रमुख शासन सचिव कृषि एवं उद्यानिकी वैभव गालरिया की अध्यक्षता में बुधवार को पंत कृषि भवन में कृषक उपहार योजना के तहत कृषि विपणन विभाग द्वारा राज किसान पोर्टल पर राज्य स्तरीय ऑन-लाइन लॉटरी निकाली गई। योजना के तहत कृषि उपज मण्डी कोटा के कृषक मंजीत पाल के 2 लाख 50 हजार रूपये का प्रथम पुरस्कार, हनुमानगढ मण्डी के कृषक शाह मोहम्मद के 1 लाख 50 हजार रूपये का द्वितीय पुरस्कार और उदयपुर मण्डी के कृषक प्रभुलाल के 1 लाख रूपये का तृतीय पुरस्कार निकला। कृषकों को पुरस्कार राशि का भुगतान सम्बन्धित मण्डी समिति से किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि कृषि विभाग द्वारा कृषकों के लिए कृषि उपज को ई-नाम के माध्यम से विक्रय करने तथा ई-पेमेन्ट के माध्यम से भुगतान प्राप्त करने के लिए प्रेरित करने एवं कृषकों को अपनी उपज का अधिकाधिक लाभ दिलाने के उद्देश्य से कृषक उपहार योजना लागू की गई है। योजना के तहत मण्डी स्तर पर प्रत्येक 6 महीने में गेट पास की विक्रय पर्चियों तथा ई-पेमेन्ट की विक्रय पर्चियों के आधार पर अलग-अलग प्रथम पुरस्कार 25 हजार, द्वितीय 15 हजार और तृतीय 10 हजार रूपये दिये जाते है।

# अमेरिकी महिला को ठग रहे थे जयपुर के ज्वेलर बाप-बेटे, 300 रु के पत्थर के 6 करोड़ वसूले

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। जयपुर में एक अमेरिकी महिला को हीरे बताकर 6 करोड़ रुपए के पत्थर देकर ठगी करने के मामले में एक नया खुलासा हुआ है। इस मामले से परिचित एक पुलिस अधिकारी का कहना है कि आरोपी ज्वेलर और उसका बेटा पिछले दो सालों से महिला के साथ यह ठगी कर रहे थे।

आरोपी दुकानदार बाप-बेटे की पहचान राजेंद्र सोनी और गौरव सोनी के रूप में हुई है। आरोपी चांदी की चैन को पॉलिश करके सोने का बताते थे और 300 रुपए के कृत्रिम पत्थरों को नकली सर्टिफिकेट के साथ असली हीरे का बताकर विदेशी महिला को बेचा करते थे। इस तरह उन्होंने इस 6 करोड़ रुपए की ठगी को अंजाम दिया।

इस बारे में जानकारी देते हुए माणक चौक पुलिस स्टेशन के ड्क्ज (स्टेशन हाउस ऑफिसर) गुरभूपेंद्र सिंह ने कहा, 'पीड़िता साल 2022 से सोनी की जेम्स शॉप (रत्न दुकान) से गहने खरीद रही है। हालांकि, धोखाधड़ी का पता बीते अप्रैल में अमेरिका में लगी एक प्रदर्शनी के दौरान चला, जहां उसके आभूषण नकली होने के कारण खारिज कर दिए गए थे। जिसके बाद महिला बीते महीने की शुरुआत में दुकानदार से बात करने के लिए जयपुर पहुंची, जहां उनके बीच तीखी बहस हो गई।'

'बहस के बाद वे सभी मामले को सुलझाने के लिए पुलिस स्टेशन पहुंचे। जहां अमेरिकी महिला ने पुलिस से नकली गहनों को बदलवाने की मांग की, साथ ही यह भी आरोप लगाया कि उसने दुकानदार से जो अन्य कीमती सामान खरीदा था, उनमें भी कैरेट से लेकर संख्या तक की बहुत सी गड़बड़ियां थीं। हालांकि दुकानदार बाप-बेटों ने महिला के लगाए सभी आरोपों से इनकार किया और कहा कि नोर्तजे ही उनकी दुकान से जबरन गहने लेकर गई थी। हालांकि, सीसीटीवी फुटेज में नोर्तजे अपने साथ लाए गए गहनों के साथ जाते हुए दिखाई दे रही हैं।'

इस मामले का खुलासा तब हुआ जब अमेरिकी नागरिक और पीड़िता चेरिश नोर्तजे ने इस मामले में 18 मई को आरोपी दुकानदार के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस के मुताबिक इसके बाद से ही आरोपी बाप-बेटे फरार हैं।

पुलिस अधिकारी के मुताबिक 18 मई को नोर्तजे द्वारा मामला दर्ज कराने के बाद माणक चौक पुलिस स्टेशन में दोनों पक्षों के बीच एक और बैठक भी हुई। हालांकि दोनों बैठकें विफल होने के बाद, आरोपी पिता-पुत्र फरार हो गए। पुलिस ने इस मामले में राजेंद्र सोनी और गौरव सोनी के खिलाफ भारतीय दंड विधान की धारा 420 (धोखाधड़ी) के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस ने महिला के खरीदे गहनों की सीतापुरा की लैब में जांच करवाई और इसके बाद पुष्टि की कि उसके खरीदे गहने नकली थे। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी दुकानदार के निर्देशों के आधार पर झूठा प्रमाण पत्र बनाने वाले नंद किशोर को गिरफ्तार कर लिया। ङ्खङ्खइस बारे में पुलिस अधिकारी ने कहा, 'हमने पैसे के बदले नकली प्रमाण पत्र बनाने के आरोप में 19 मई को किशोर को भी गिरफ्तार किया है। राजेंद्र और गौरव के लिए लुकआउट नोटिस भी जारी किया गया था।

## सेना के ट्रक और बाइक की टक्कर में बाइक सवार तीन लोगों की मौत

जयपुर। राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले के सूरतगढ़ सदर थाना क्षेत्र में मंगलवार की रात सेना के एक ट्रक और बाइक की टक्कर में कम से कम तीन लोगों की मौत हो गयी, जबकि एक अन्य घायल हो गया। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि घटना जिले के सूरतगढ़ कस्बे में मंगलवार देर रात उस समय हुयी, जब एक बाइक पर सवार चार लोग ईंट-भट्टे से अपने गांव लौट रहे थे। सूरतगढ़ सदर थाने के सहायक पुलिस उपनिरीक्षक विनोद बिश्नोई ने बताया कि बाइक ट्रक से टकरा गयी, जिससे बाइक पर सवार चारों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

उन्होंने बताया कि सेना उन चारों को सेना के अस्पताल ले गई जहां उनमें से दो को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया जबकि एक अन्य ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया । एक घायल को उपचार के लिए श्रीगंगानगर भेजा गया है । उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान गुरदयाल सिंह (31), अंग्रेज सिंह (35) और जोगेंद्र सिंह (45) के रूप में हुई। शवों को बुधवार को अंतिम संस्कार के लिए परिवार के सदस्यों को सौंप दिया गया।

# ओडिशा के दो उपमुख्यमंत्रियों ने ली शपथ, एक-दूसरे के बिल्कुल विपरीत है राजनीतिक अनुभव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com





**भुवनेश्वर/भाषा।** ओडिशा में आज नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह हुआ जिसमें मोहन चरण माझी ने मुख्यमंत्री के पद पर और कनक वर्धन सिंहदेव और प्रभाती परिदा ने राज्य के उपमुख्यमंत्री के पद पर शपथ ली।

दोनों ही उपमुख्यमंत्रियों के पास एक-दूसरे के विपरीत राजनीतिक अनुभव है। के वी सिंह जहां छह बार विधायक और पूर्व मंत्री रह चुके हैं, वहीं प्रभाती परिदा पहली बार विधायक बनी हैं।

पटनागढ़ के पूर्ववर्ती शाही परिवार से ताल्लुक रखने वाले देव ने पटनागढ़ विधानसभा सीट से लगातार छठी बार जीत हासिल की है। वह भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)- बीजू जनता दल (बीजद) गठबंधन सरकार (2000-2009) के दौरान भारी एवं लोक उद्यम मंत्री के पद पर भी सेवाएं दे चुके हैं।

सिंहदेव की पत्नी संगीता कुमारी देवी भी बोलांगीर लोकसभा सीट से चार बार सांसद रही हैं।

के.वी. सिंह ने दिल्ली विश्वविद्यालय से स्नातक की डिग्री हासिल की। उनके दादा आर.एन सिंह देव 1966 से 1971 तक ओडिशा के मुख्यमंत्री रहे थे।

पटनागढ़ के विधायक के बिल्कुल उलट प्रभाती परिदा को लगातार तीन बार हार का सामना करना पड़ा, लेकिन अंततः वह हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में पहली बार निमापारा सीट से विधायक चुनी गईं। उन्होंने 1995 में उत्कल विश्वविद्यालय से कानून की डिग्री प्राप्त की और उसी साल उन्होंने उड़ीसा उच्च न्यायालय में अधिवक्ता के तौर पर काम शुरू किया। इसके अलावा परिदा ने 2005 में विश्वविद्यालय से लोक प्रशासन में स्नातकोत्तर की डिग्री भी प्राप्त की।

सिंह देव ने यहां संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा की नई सरकार ओडिशा को देश का नंबर एक राज्य बनाने की दिशा में काम करेगी।

प्रभाती परिदा ने कहा, ''मैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद देती हूं कि उन्होंने मुझे राज्य की सेवा करने का मौका दिया। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि युवाओं, महिलाओं और किसानों के लिए प्रधानमंत्री द्वारा किए गए वादों को जमीनी स्तर पर अमलीजामा पहनाया जाए।

ओडिशा में भाजपा ने 147 विधानसभा सीटों में से 78 सीटें जीतकर सत्ता हासिल की और नवीन पटनायक के नेतृत्व वाली बीजद की 24 साल पुरानी सरकार को बेदखल कर दिया।

## अखिलेश यादव ने कन्नौज से सांसद बनने के बाद छोड़ी करहल विधानसभा सीट



**लखनऊ/भाषा।** समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कन्नौज लोकसभा सीट से चुने जाने के बाद बुधवार को करहल विधानसभा सीट से दिया इस्तीफा दे दिया। एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। राज्य विधानसभा के प्रमुख सचिव प्रदीप दुबे ने 'पीटीआईभाषा' को बताया कि अखिलेश ने करहल विधानसभा सीट से त्यागपत्र दे दिया है।

सपा के राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी ने भी अखिलेश के करहल सीट छोड़ने की पुष्टि की है।

अखिलेश यादव ने कन्नौज से सांसद बनने के बाद करहल विधानसभा सीट छोड़ने के संकेत पहले ही दे दिये थे। उन्होंने मंगलवार को इटावा में संवाददाताओं से कहा था कि वह इसकी जानकारी विधानसभा कार्यालय को जल्द ही दे देंगे।

चौधरी ने बताया कि अखिलेश के साथसाथ फैजाबाद से नवनिर्वाचित सांसद अवधेश प्रसाद ने भी अयोध्या की मिल्कीपुर विधानसभा सीट से त्यागपत्र दे दिया है। प्रसाद ने फैजाबाद सीट पर भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार लल्लू सिंह को पराजित किया था। अखिलेश यादव ने हाल ही में सम्पन्न लोकसभा चुनाव में कन्नौज सीट पर जीत हासिल की थी। इससे पहले साल 2022 में वह मैनपुरी की करहल सीट से विधायक चुने गये थे। सपा प्रमुख राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता थे।



## केंद्र की राजग सरकार 'पंगु', विपक्ष ने भाजपा को करारा झटका दियाः राहुल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मलप्पुरम/वायनाड (केरल)/भाषा।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को कहा कि केंद्र की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राजग सरकार 'पंगु' है और विपक्ष ने 2024 के लोकसभा चुनावों में भगवा दल को करारा झटका दिया है।

राहुल गांधी ने यह भी कहा कि देश की जनता ने भाजपा और नरेन्द्र मोदी को स्पष्ट संदेश दिया है और इसलिए प्रधानमंत्री को अब अपना रवैया बदलना होगा। कांग्रेस नेता ने राज्य के वायनाड जिले के कलपेट्टा में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, सच्चाई यह है कि आज केंद्र में एक पंगु सरकार है। 'इंडिया' गठबंधन ने उसे इतनी बुरी तरह से हराया है कि वह ठीक से नहीं चल सकती। निश्चित रूप से यह ऐसी सरकार नहीं है जो देश का नेतृत्व करने में सक्षम हो।

वायनाड लोकसभा सीट से लगातार दूसरी बार भारी अंतर से जीतने के बाद यह राज्य का उनका पहला दौरा है। राहुल गांधी ने कहा कि 'इंडिया' गठबंधन ने नरेन्द्र मोदी के विचार को पूरी तरह से समाप्त कर दिया है। उन्होंने कहा, आज आप जिस नरेन्द्र मोदी को देख रहे हैं, वह चुनाव से पहले के नरेन्द्र मोदी से बिल्कुल भिन्न है।

## मैं इस दुविधा में हूं कि वायनाड का सांसद बना रहूं या रायबरेली का : राहुल गांधी

**मलप्पुरम (केरल)/भाषा।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि वह इस दुविधा में हैं कि उन्हें वायनाड और रायबरेली लोकसभा सीट में से कौन सी सीट छोड़नी चाहिए। गांधी ने 2024 के आम चुनाव में इन दोनों सीट पर जीत दर्ज की है। उन्होंने कहा कि वह जो भी निर्णय लेंगे, दोनों निर्वाचन क्षेत्र के लोग उससे खुश होंगे। उन्होंने लोकसभा में दूसरे कार्यकाल के लिए उन्हें चुनने के लिए वायनाड के लोगों को धन्यवाद दिया। कांग्रेस नेता ने जनसभा में कहा, ''मैं आपसे जल्द मिलने की उम्मीद करता हूं। मेरे सामने दुविधा है कि मैं वायनाड का सांसद बना रहूं या रायबरेली का।'' लगातार दूसरी बार वायनाड लोकसभा सीट से भारी अंतर से जीत हासिल करने के बाद यह उनकी राज्य में पहली यात्रा है। गांधी ने प्रधानमंत्री पर कटाक्ष करते हुए कहा कि उन्हें भगवान से कोई निर्देश नहीं मिलता कि क्या करना है, जैसा कि प्रधानमंत्री अपने बारे में दावा करते हैं।

## चुनावी प्रदर्शन से खुश नहीं, आत्ममंथन किया जाएगा : सीताराम येचुरी



**नई दिल्ली/भाषा।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के नेता सीताराम येचुरी ने कहा है कि सीट संख्या में थोड़ी वृद्धि के बावजूद पार्टी लोकसभा चुनाव में अपने प्रदर्शन से खुश नहीं है और वह इस बारे में गंभीर आत्ममंथन करेगी कि जमीन पर संघर्ष शुरू करने की इसकी क्षमता एवं सीट जीतने के लिए इसकी ताकत के बीच अंतर को कैसे कम किया जाए। माकपा महासचिव ने पीटीआई-भाषा के साथ एक साक्षात्कार में कहा कि पार्टी में कुछ निराशा है क्योंकि वामपंथी संगठनों द्वारा कई जनसंघर्षों का नेतृत्व किए जाने बावजूद इसका प्रभाव उसके चुनावी प्रदर्शन में दिखाई नहीं दिया।

वर्तमान में वाम दलों द्वारा शासित एकमात्र राज्य केरल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रवेश के बारे में पूछे जाने पर येचुरी ने कहा कि वाम दलों का वोट प्रतिशत बरकरार है, लेकिन कांग्रेस के नेतृत्व वाले संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) के कुछ वोट भाजपा की ओर स्थानांतरित हो गए हैं। हाल में संपन्न हुए लोकसभा चुनाव में वामपंथी दलों ने लोकसभा में अपनी सीट संख्या बढ़ाकर आठ कर ली, जो 17वीं लोकसभा में पांच थी।

# राहुल गांधी ने 'नैतिक और दार्शनिक' नेतृत्व दिया : गौरव गोगोई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस नेता गौरव गोगोई ने पार्टी में नई जान आने का श्रेय राहुल गांधी को देते हुए कहा कि उन्होंने न केवल पार्टी को ''नैतिक और दार्शनिक'' नेतृत्व प्रदान किया, बल्कि लोकसभा चुनाव के लिए विमर्श भी तय किया जिसका असर नतीजों में दिखा।

गोगोई ने समाचार एजेंसी 'पीटीआई' के संपादकों के साथ बातचीत में मई, 2022 में पार्टी के उदयपुर 'चिंतन शिविर' में पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी द्वारा दिए गए ''हम जीतेंगे'' के संदेश का उल्लेख किया और कहा कि पार्टी ने पुनरुत्थान की राह पर एक लंबा सफर तय किया है और उसी रास्ते पर आगे बढ़ने की ठान ली है। उन्होंने कहा, ''आपको 2021 से कांग्रेस की यात्रा याद होगी जब हमने बहुत खराब प्रदर्शन किया था। हमने 2019 के लोकसभा चुनाव में खराब प्रदर्शन किया था, 2021 के विधानसभा चुनावों में हम असम और केरल में हार गए थे। भाजपा तेजी से बढ़ रही थी। हमने उदयपुर में 'चिंतन शिविर' आयोजित किया क्योंकि हम चिंतित थे।'' असम में जोरहाट लोकसभा सीट से 1.44 लाख मतों के अंतर से जीतने वाले गोगोई ने बताया कि तत्कालीन अध्यक्ष सोनिया गांधी को शिविर के अंत में अपने भाषण में तीन बार 'हम जीतेंगे' कहना पड़ा जो उस समय पार्टी की मानसिकता को दर्शाता है। उन्होंने कहा, ''अगर आप उस समय को देखें और अब हमारी स्थिति देखें, तो हम बहुत आगे बढ़ चुके हैं तथा हमें अभी और भी आगे जाना है।''

गोगोई ने कहा कि 'चिंतन शिविर' के बाद, यह देखना होगा कि कांग्रेस के पुनरुद्धार को राहुल गांधी के साथ निकटता से जोड़ा जा रहा है। उन्होंने राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो यात्रा' का उल्लेख करते हुए कहा, ''वह सितंबर 2022 से जनवरी 2023 तक कन्याकुमारी से कश्मीर तक लगभग 4,000 किलोमीटर तक पैदल चले, जिसका परिणाम हमने कर्नाटक चुनाव में देखा।'' कांग्रेस सांसद ने कहा, ''इन चुनावों में क्या मुद्दे थे- लोकतंत्र, संविधान, जाति जनगणना, अग्निपथ। इन मुद्दों को विमर्श में कौन लाया? इन मुद्दों को सबसे आगे लाने में मुख्य भूमिका राहुल जी की थी। इसलिए, उन्होंने हमें एक नैतिक और दार्शनिक नेतृत्व दिया।'' राहुल गांधी ने कांग्रेस को संगठनात्मक नेतृत्व भी दिया और उसका परिणाम लोकसभा चुनाव में लोगों के जनादेश में देखने को मिला।

## प्रधानमंत्री ने रियासी आतंकी हमले पर चुप्पी क्यों साध रखी है : कांग्रेस



**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस ने जम्मू-कश्मीर के रियासी में आतंकी हमले का हवाला देते हुए बुधवार को भारतीय जनता पार्टी की 'नया कश्मीर' नीति के विफल रहने का आरोप लगाया और कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इस हमले की निंदा करने का समय नहीं मिला और उन्होंने चुप्पी साध रखी है। पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सवाल किया कि आखिर भाजपा सरकार में आतंकी हमले की साजिश करने वाले पकड़े क्यों नहीं जाते? उन्होंने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''बधाई संदेशों का जवाब देने में व्यस्त नरेन्द्र मोदी को जम्मू-कश्मीर में निर्ममता से मौत के घाट उतार दिये गए श्रद्धालुओं के परिवारों की चीखें तक नहीं सुनाई दे रही हैं। रियासी, कठुआ और डोडा में पिछले 3 दिनों में 3 अलग-अलग आतंकी घटनाएं हुई हैं, लेकिन प्रधानमंत्री अब भी जश्न में मग्न हैं।'' राहुल गांधी ने कहा, ''देश जवाब मांग रहा है - आखिर भाजपा सरकार में आतंकी हमलों की साजिश रचने वाले पकड़े क्यों नहीं जाते?'

# 'एक व्यक्ति' के राज के दिन लद गए, अब दूसरों की मदद से केंद्र में बनी सरकारः पवार



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**पुणे/भाषा।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के प्रमुख शरद पवार ने बुधवार को कहा कि देश में 'एक व्यक्ति' के शासन के दिन लद गए और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने केंद्र में दूसरे दलों की मदद से नई सरकार बनाई है।

पवार ने कहा कि केंद्र में गठबंधन सरकार बनने से 'मोदी की गारंटी' अब खत्म हो चुकी है और मतदाताओं की ताकत से ही यह परिवर्तन संभव हुआ है।

वह बारामती लोकसभा क्षेत्र के तहत आने वाली पुणे की पुरंदर तहसील में एक सभा को संबोधित कर रहे थे, जहां वह पानी की किल्लत से उपजे हालात की समीक्षा करने पहुंचे थे।

पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा, चुनाव खत्म हो गए हैं और (केंद्र में) सरकार बन गई है। पिछले 10 साल 'एक व्यक्ति' की सरकार थी, लेकिन अब वह (सरकार) उससे (उस व्यवस्था से) मुक्त हो गई है। इस बार सरकार दूसरों की मदद से बनी है। उन्होंने कहा, स्थिति यह है कि बिहार (नीतीश कुमार) और आंध्र प्रदेश (एन. चंद्रबाबू नायडू) के मुख्यमंत्रियों की मदद के बिना सरकार नहीं बनती। उनकी मदद से सरकार बनी है, यानी 'एक व्यक्ति' के सरकार चलाने के दिन चले गए। इसका मतलब यह भी है कि 'मोदी की गारंटी', जिसके बारे में हम सुनते थे, खत्म हो गई है और इसे (इस गारंटी को) खत्म करने की ताकत आपके पास है।

हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव में भाजपा ने 240 सीट जीतीं, जो बहुमत के जादुई आंकड़े 272 से कम हैं। ऐसे में उसे सरकार बनाने के लिए पार्टी के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के सहयोगियों के समर्थन की आवश्यकता पड़ी।

चंद्रबाबू नायडू की आंध्र प्रदेश में 16 सीट जीतने वाली तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) और बिहार में 12 सीट पर जीत हासिल करने वाली नीतीश कुमार की जद(यू) तथा अन्य गठबंधन सहयोगियों के समर्थन से राजग ने बहुमत हासिल किया है।

दूसरी ओर, विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' ने 233 सीट जीतीं, जिनमें से 99 सीट कांग्रेस ने जीतीं हैं।

## आरएसएस अप्रासंगिक हो गया, अब भागवत के बोलने का क्या फायदाः कांग्रेस



**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत की हालिया टिप्पणी को लेकर बुधवार को उन पर निशाना साधा और दावा किया कि जब आरएसएस अप्रासंगिक हो गया तो भागवत के बोलने का क्या फायदा है। पार्टी के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने यह भी कहा कि बीते 10 वर्षों में भागवत ने कई अहम मुद्दों पर चुप्पी साधे रखी थी, लेकिन अब बोल रहे हैं।

नागपुर में गत 10 जून को डॉ. हेडगेवार स्मृति भवन परिसर में संगठन के 'कार्यकर्ता विकास वर्ग-द्वितीय' के कार्यक्रम में आरएसएस प्रशिक्षुओं की एक सभा को संबोधित करते हुए भागवत ने कहा था कि सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच आम सहमति की आवश्यकता है ताकि आम जनता के लिए काम किया जा सके। भागवत ने यह भी कहा था कि चुनाव बहुमत हासिल करने के लिए होते हैं और यह एक प्रतिस्पर्धा है, युद्ध नहीं। खेड़ा ने कहा, ''मोहन भागवत् जी, जो बीज आपने बोया था, अब वह लहलहाता हुआ बबूल का वृक्ष, वृक्षासन लगा रहा है। दोष माटी का नहीं है, दोष माली का है। और वो माली आप हैं।''

# रीजीजू ने सभी दलों से 'टीम इंडिया' की तरह काम करने की अपील की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने बुधवार को सभी राजनीतिक दलों से संसद के आगामी सत्र में रचनात्मक बहस की अपील की और कहा कि देश सदन में अच्छी चर्चा देखना चाहता है। अठारहवीं लोकसभा का पहला सत्र 24 जून से शुरू होगा। यह तीन जुलाई तक चलेगा। रीजीजू ने मंगलवार को संसदीय कार्यमंत्री के रूप में नया दायित्व संभालने के एक दिन बाद कहा कि सरकार आम सहमति से संसद चलाना चाहती है क्योंकि लोगों ने जनादेश दिया है और देश की सेवा के लिए हर किसी को 'टीम इंडिया' की भावना के अनुरूप काम करना चाहिए। उन्होंने कहा, ''हमें संसद में गुणवत्तापूर्ण बहस करनी चाहिए। देश संसद में सार्थक बहस देखना चाहता है। मैं सदन को सुचारू रूप से चलाने के लिए सभी राजनीतिक दलों से सहयोग की अपील करता हूं।'' रीजीजू ने कहा सरकार सदन को चलाने में सभी राजनीतिक दलों की भागीदारी और सहयोग चाहती है। उन्होंने कहा, ''यदि हर कोई सकारात्मक भूमिका निभाएगा तो संसद ठीक से चलेगी।''

## असम सरकार बाल विवाह पर काबू पाने के लिए लड़कियों को मासिक भत्ता देगी

**गुवाहाटी/भाषा।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बुधवार को घोषणा की कि उनकी सरकार बाल विवाह पर काबू पाने के लिए अगले पांच वर्षों तक कक्षा 11 से स्नातकोत्तर तक की पढ़ाई करने वाली सभी लड़कियों को मासिक भत्ता देगी। शर्मा ने एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि कैबिनेट ने 'निजुत मोइना' योजना को मंजूरी दी है और अनुमान है कि लगभग 10 लाख लड़कियों को प्रोत्साहन देने के लिए पांच साल में 1,500 करोड़ रुपये की आवश्यकता होगी। उन्होंने कहा, विवाहित लड़की को इस योजना का लाभ नहीं मिलेगा। वे विवाहित लड़कियां अपवाद होंगी जो पीजी पाठ्यक्रमों में पढाई कर रही हैं, उन्हें भी लाभ मिलेगा। शर्मा ने कहा कि इस योजना का एकमात्र उद्देश्य लड़की की शादी में जल्दबाजी को रोकना है ताकि वह आर्थिक रूप से स्वतंत्र हो सके और अपने तथा अपने परिवार के लिए कमाई शुरू कर सके। उन्होंने जोर दिया, इस योजना से लड़कियों के सकल दाखिला अनुपात में काफी वृद्धि होगी।

## विभागों से नाखुश टिपरा मोथा पार्टी के मंत्री देबबर्मा अमित शाह के समक्ष उठाएंगे मुद्दा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**अगरतला/भाषा।** लोकसभा चुनाव से पहले, त्रिपुरा की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व में बनी सरकार में मंत्री बने टिपरा मोथा नेता अनिमेष देबबर्मा ने कहा कि वह उन्हें आवंटित विभागों से नाखुश हैं और इस मुद्दे को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के समक्ष उठाने पर विचार कर रहे हैं।

संवाददाताओं से बातचीत में अनिमेष देबबर्मा ने कहा कि वह मुख्यमंत्री मणिक साहा के सामने इस मुद्दे को उठा चुके हैं। मुझे आवंटित विभागों से मैं खुश नहीं हूं। वन विभाग तो ठीक है, लेकिन प्रिंटिंग एवं स्टेशनरी तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी (टीआरईडीए को छोड़कर)... इससे मैं खुश नहीं हूं। मैंने कुछ दिन पहले ही मुख्यमंत्री से मुलाकात की थी और उनसे कुछ महत्वपूर्ण विभाग आवंटित करने का आग्रह किया था, ताकि मैं ग्रामीण लोगों की मदद कर सकूं। इसमें कुछ भी छिपाने जैसा नहीं है। देबबर्मा ने कहा कि वह जल्द गृह मंत्री से मिलेंगे और उन्हें दोबारा गृह मंत्रालय का कार्यभार संभालने के लिए बधाई देंगे।

## पेमा खांडू तीसरी बार बनेंगे अरूणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**ईटानगर /भाषा।** पेमा खांडू लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री बनेंगे। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सूत्रों ने यह जानकारी दी। खांडू को बुधवार को यहां एक बैठक में भाजपा विधायक दल का नेता चुना गया।

भाजपा के केंद्रीय पर्यवेक्षकों-रविशंकर प्रसाद और तरुण चुग ने इस बैठक में हिस्सा लिया। सूत्रों के अनुसार खांडू बाद में सरकार गठन का दावा पेश करेंगे।

## बिहार में राजग सरकार ने जिला 'प्रभारी मत्रियों' की सूची जारी की

**पटना/भाषा।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को अपने सभी कैबिनेट सहयोगियों को विभिन्न जिलों का 'प्रभारी मंत्री' नियुक्त किया। बिहार सरकार की ओर से जारी आदेश के अनुसार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा को क्रमशः पटना और मुजफ्फरपुर जिलों का प्रभारी मंत्री बनाया गया है। सिन्हा भोजपुर जिले के भी प्रभारी मंत्री होंगे। मंत्री विजय कुमार चौधरी को पूर्णिया और नालंदा जिलों का प्रभारी मंत्री बनाया है, जबकि बिजेंद्र प्रसाद वैशाली जिले के प्रभारी मंत्री होंगे। मंत्री प्रेम कुमार को नवादा, श्रवण कुमार को समस्तीपुर और मधेपुरा, संतोष कुमार सुमन को औरंगाबाद और सुमित कुमार सिंह को सारण का प्रभारी मंत्री बनाया गया है, जबकि रेणु देवी को सीवान का जिम्मा दिया है। मंत्री मंगल पांडेय दरभंगा और बेगूसराय, नीरज कुमार सिंह कटिहार और अशोक चौधरी सीतामढ़ी तथा जहानाबाद के प्रभारी मंत्री होंगे। मंत्री लेशी सिंह को मधुबनी, मदन सहनी को सुपौल, नीतीश मिश्रा को अररिया और गया, नितिन नवीन को बक्सर और कैमूर तथा दिलीप कुमार जायसवाल को सहरसा का प्रभारी मंत्री, मंत्री महेश्वर हजारी खगड़िया, शीला कुमारी शेखपुरा और लखीसराय तथा सुनील कुमार पूर्वी चंपारण, जनक राम पश्चिमी चंपारण, हरि सहनी अरवल व कृष्णनंदन पासवान गोपालगंज की जिम्मेदारी संभालेंगे।

# व्यवस्थित ट्रायल, समान अवसर के कारण भारतीय निशानेबाजों ने किया शानदार प्रदर्शन : नारंग

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** ओलंपिक पदक विजेता निशानेबाज गगन नारंग का मानना है कि व्यवस्थित ट्रायल, उचित अंकन प्रणाली और सभी दावेदारों को समान अवसर के कारण देश के निशानेबाजों ने पेरिस खेलों के लिए 15 कोटा स्थान हासिल किए।

लंदन ओलंपिक 2012 में कांस्य पदक जीतने वाले गगन नारंग को खुशी है कि पेरिस ओलंपिक में 15 निशानेबाज भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे जिसमें उनकी अकादमी की दो महिला निशानेबाज इलावेनिल वलारिवान और रमिता भी शामिल हैं।

प्रेस विज्ञप्ति में नारंग के हवाले से कहा गया, ''ट्रायल भी बहुत व्यवस्थित तरीके से आयोजित किए गए जिसमें अंकन प्रणाली का उपयोग किया गया जिससे प्रतिभागियों को अपनी वास्तविक क्षमता दिखाने का समान अवसर मिला।''

भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के उपाध्यक्ष नारंग ने खिलाड़ियों को लाभान्वित करने वाली विभिन्न विकास योजनाओं में सरकार की भूमिका और उसके निवेश की सराहना की। उन्होंने कहा, ''कुछ साल पहले तक निशानेबाजी में अन्य देशों का दबदबा था। लेकिन अब भारतीय निशानेबाज सभी प्रमुख प्रतियोगिताओं में शीर्ष स्थान हासिल कर रहे हैं जो खेल में हमारी प्रगति का सबसे बड़ा संकेत है।''

नारंग ने कहा, ''यह उल्लेखनीय सुधार सरकार द्वारा अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप बुनियादी ढांचे में निवेश करने और जमीनी स्तर पर खेलो इंडिया योजना द्वारा अपनाए गए वैज्ञानिक दृष्टिकोण और कार्यप्रणाली का परिणाम है।''

## शारदुल ठाकुर के पैर की लंदन में सर्जरी हुई, तीन महीने के लिए बाहर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**लंदन/भाषा।** भारत के ऑलराउंडर शारदुल ठाकुर के पैर की बुधवार को यहां सर्जरी हुई और संभावना है कि वह कम से कम तीन महीने तक प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से बाहर रहेंगे। इस 32 वर्षीय खिलाड़ी ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर सर्जरी के बाद की तस्वीर साझा की जिसका शीर्षक था, ''ऑपरेशन सफलतापूर्वक हुआ।'' यह उनके पैर की दूसरी सर्जरी है। इससे पूर्व पांच साल पहले 2019 में भी उनके पैर की सर्जरी हुई थी।

इस साल की शुरुआत में दक्षिण अफ्रीका दौरे के दौरान चोट फिर से उभर आई थी। हालांकि वह पिछले सत्र में रणजी ट्रॉफी में शानदार वापसी करने में सफल रहे और मुंबई को अपना 42वां खिताब जीतने में मदद की। उन्होंने खिलाड़ियों के उबरने और तैयारी के लिए पर्याप्त समय के लिए भारतीय क्रिकेट बोर्ड से मैचों के बीच लंबे ब्रेक का अनुरोध किया था। इंडियन प्रीमियर लीग के हाल में संपन्न सत्र में चेन्नई सुपरकिंग्स के लिए खेलते हुए उन्होंने नौ मैच में 9.75 की इकोनॉमी रेट से केवल पांच विकेट लिए। शारदुल बीसीसीआई के ग्रेड सी के वार्षिक अनुबंध धारक हैं इसलिए उनके इलाज का खर्च बोर्ड द्वारा वहन किया गया।

## सुविचार

**लोग कहते हैं पैसा रखो, बुरे वक्त में काम आएगा, हम कहते हैं अच्छे लोगों के साथ रहो, बुरा वक्त ही नहीं आएगा।**

दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# कल्पना ज्यादा, वास्तविकता कम

जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला ने इस केंद्रशासित प्रदेश में हाल में हुईं आतंकवादी घटनाओं के बाद पाकिस्तान के साथ जिस तरह बातचीत शुरू करने की वकालत की है, उसमें कल्पना ज्यादा और वास्तविकता कम है। अब्दुल्ला का यह कहना कि 'हमें अभी भी अपने पड़ोसी के साथ समस्याएं हैं ... ये सैन्य कार्रवाई से हल नहीं होंगी', से तो ऐसा प्रतीत होता है कि सारी समस्याएं हमारे द्वारा खड़ी की गई हैं! फारूक अब्दुल्ला वरिष्ठ राजनेता हैं। उन्होंने जम्मू-कश्मीर की सियासत और समस्याओं को बहुत करीब से देखा है। इसलिए यह कहना तो उचित नहीं होगा कि वे वास्तविकता से परिचित नहीं हैं। जम्मू-कश्मीर में कबायली लश्कर किसने भेजे थे? कथित आजादी के नाम पर अलगाववाद और आतंकवाद की आग किसने लगाई थी? पीओके में आतंकवादियों को प्रशिक्षण देने के शिविर कौन चला रहा है? आतंकवादियों को हथियार और विस्फोटक कौन उपलब्ध कराता है? इन सबका एक ही जवाब है- पाकिस्तान। स्पष्ट है कि ये समस्याएं पाकिस्तान द्वारा खड़ी की गई हैं। इनके समाधान के लिए भारत को क्या करना चाहिए? क्या बातचीत से ये मसले हल हो जाएंगे? एलओसी पार कर रहे आतंकवादियों को गोली मारनी चाहिए या उनसे बातचीत करनी चाहिए? बेशक ऐसे मामलों में सैन्य कार्रवाई करना एकमात्र समाधान नहीं हो सकता, लेकिन हाथ में बंदूक, सीने पर विस्फोटकों से लदी जैकेट और दिलो-दिमाग में नफरत का जहर लेकर आने वाले आतंकवादी का सामना कैसे करना चाहिए? अगर उसके खिलाफ सैन्य कार्रवाई नहीं करेंगे तो वह अनगिनत मासूम लोगों की जान लेगा, इसलिए जहां सैन्य कार्रवाई अनिवार्य हो, वहां इससे पीछे नहीं हटना चाहिए।

यहां पहले भी लिख चुके हैं कि हम भारतवासियों में 'शत्रुबोध' की कमी है। हम पर कई बार विदेशी आक्रांताओं द्वारा हमले किए गए। उन्होंने हमारी आस्था, संस्कृति, अर्थव्यवस्था, एकता, अखंडता और सामाजिक सद्भाव पर चोट की थी। आज भी यह खतरा टला नहीं है, लेकिन हमारे देश में ऐसे लोगों की कमी नहीं है, जो यह कहते मिल जाएंगे कि अगर आतंकवाद को रोकना है तो पाकिस्तान से बातचीत जरूरी है! हमारे शीर्ष नेताओं और अधिकारियों ने वर्ष 1947 से लेकर कई दशकों तक पाकिस्तान से बातचीत की, उसका क्या नतीजा निकला? क्या उससे आतंकवादी घटनाएं बंद हो गईं? हमें हर बातचीत और संबंध सुधारने की हर पहल के बाद पाकिस्तान की ओर से धोखा ही मिला है। इसके बावजूद कुछ 'बुद्धिजीवी' यह तर्क देते मिल जाते हैं कि भारत और पाकिस्तान के संबंधों में कड़वाहट इसलिए है, क्योंकि 'कश्मीर एक बड़ा मुद्दा' है ... अगर इसका कोई उचित हल ढूंढ़ लें तो झगड़ा ही नहीं रहेगा!' वास्तव में ऐसी बातें कोरी कल्पनाएं हैं। हमें इस बात को समझना होगा कि भारत-पाक संबंधों में कड़वाहट कश्मीर की वजह से नहीं, बल्कि 'दो क़ौमी नज़रिए' की वजह से है, जो पाकिस्तान की बुनियाद है। जिन्ना ने इसी के नाम पर भारत का विभाजन करवाया था। यह नज़रिया पाकिस्तानी बहुसंख्यकों को हर उस व्यक्ति से नफरत करना सिखाता है, जिसकी आस्था अलग है। अगर दोनों देशों के बीच 'कश्मीर एक मुद्दा' नहीं होता तो पाकिस्तान कोई और मुद्दा खड़ा कर देता। फिर वह किसी-न-किसी कुतर्क के आधार पर पंजाब मांगता, हिमाचल मांगता, राजस्थान मांगता ... और फिर पूरा हिंदुस्तान मांगता। हम पाकिस्तान के लिए कितनी ही आसानियां पैदा कर दें, उसके साथ कितनी ही शांतिवार्ताएं कर लें, वह कभी संतुष्ट नहीं होगा, क्योंकि अगर दोनों देशों के बीच संबंध मधुर हो गए तो 'दो क़ौमी नज़रिया' ग़लत साबित हो जाएगा। इससे पाक की नींव हिल जाएगी। अगर हमें अपने देश और देशवासियों की रक्षा सुनिश्चित करनी है तो 'शत्रुबोध' के संबंध में किसी तरह की ग़लत-फ़हमी में नहीं रहना चाहिए। सशक्त और समर्थ भारत ही शांति स्थापित कर सकता है।

## ट्वीटर टॉक



अपनी संस्कृति से अंतर्मन से जुड़े ओड़िया जन को 'मन की सरकार' मिली है। भगवान जगन्नाथ की कृपा से अब हम एक नया ओडिशा देखेंगे, जहां सबके साथ से सबका विकास होगा और जिसकी विकसित भारत में अपनी भूमिका होगी।

**-गजेन्द्र सिंह शेखावत**



कुवैत के मंगाफ शहर की इमारत में लगी भीषण आग में 40 से अधिक भारतीयों की मौत एवं कई लोगों के घायल होने की मिली जानकारी अत्यन्त दु:खद है। भारतीय दूतावास वर्तमान स्थिति पर बारीकी से नज़र बनाए हुए है ।

**-दीया कुमारी**



अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री भंवर जितेंद्र सिंह जी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। मैं ईश्वर से आपके स्वस्थ, खुशहाल एवं दीर्घायु जीवन की कामना करता हूँ।

**-सचिन पायलट**

## प्रेरक प्रसंग

# तरक्की का तर्क

सिग्मंड फ्रायड के पास एक व्यक्ति सलाह लेने आया। वह बेहद ही जल्दबाज किस्म का था। उसकी बातें सुनने के बाद सिग्मंड फ्रायड समझ गये कि वह उनसे केवल सलाह नहीं चाहता। उनका सोचना सही था। अपनी बात खत्म करने से पहले वह व्यक्ति बोला कि उसे जल्द से जल्द अपने कारोबार में तरक्की चाहिए, इसलिए सिफारिश कर दीजिए। सिग्मंड फ्रायड को हंसी आ गई। एक आठ साल के बालक को गोदी में लेकर वह उस व्यक्ति से बोले, 'इसको उड़ना सिखाना है।' 'अरे यह कैसी नासमझी की बात कर रहे हैं। पहले इसको दोनों पैरों पर संतुलित होकर चलना, उसके बाद तेज चलना फिर दौड़कर भागना तो आ जाये। उड़ान तो बहुत दूर की बात है।' वह व्यक्ति खुद सलाहकार बन गया। 'बस आप भी अपने लिए यही समझ लीजिए।' फ्रायड ने उनसे कहा।

## सामयिक

# यूपी में समाजवादी पार्टी को मिला नवजीवन

**बाल मुकुंद ओझा**



देश के सबसे बड़े राज्य यूपी में अखिलेश यादव ने लोकसभा चुनाव में मोदी के विजय रथ का रास्ता रोक कर अपनी समाजवादी पार्टी को जीवनदान देने में सफलता हासिल की है। यह सफलता सपा संस्थापक मुलायम सिंह की सफलता से भी अधिक आंकी जा रही है। सपा ने 80 में से 37 सीटें अपनी झोली में डाल दी। पिछली बार सपा के पास केवल 5 सीटें थी। वहीं कांग्रेस ने उत्तर प्रदेश में 6 सीटों पर अपना परचम लहराया है। इससे पहले सपा को सबसे बड़ी सफलता 2004 में मुलायम की अगुआई में 35 सीटें जीतकर मिली थी। समाजवादी नेता डॉ लोहिया के सिद्धांतों और विचारों का अनुसरण करने का दावा करने वाली सपा अब देश के विपक्षी दलों में दूसरी बड़ी पार्टी हो गई है। इसे अखिलेश की कड़ी मेहनत और सूझबूझ को बताया जा रहा है। उन्होंने पूरे यूपी में सपा के पक्ष में जोरदार अभियान चलाया। यादव और मुस्लिम समीकरण को पिछड़ों को साथ लेकर बनाया। मुस्लिमों के मत एकमुश्त लेने में सफलता हासिल की। बसपा से मुस्लिम और दलित छिटक कर सपा की झोली में आ गिरे। सपा के इतिहास में इस बार अखिलेश ने सबसे कम मुस्लिम-यादवों को टिकट दिया, जिनको खास तवज्जो देने की तोहमत पार्टी पर लगती है। अपने कोर वोटर (मुस्लिम-यादव) को समझाने के साथ नए को जोड़ने का ताना-बाना उन्होंने झऊ- (पिछड़ा, दलित व अल्पसख्ंयक) के जरिए बुना। अखिलेश के भाषण, बैठकों से लेकर लोकसभा के प्रचार अभियान का यही मूल मुद्दा बन गया। भाजपा पर आरक्षण खत्म करने की साजिश के आरोप मढ़ने के साथ रोजगार, भर्ती, पिछड़ों-दलितों की भागीदारी छीनने के आरोप के इर्द-गिर्द ही अखिलेश टिके रहे। भाजपा की ध्रुवीकरण से जुड़े बयानों पर चुप्पी साधी और पार्टी के भीतर से इस पर सुर उभरे तो उसे चुप करा दिया, जिससे भाजपा को कोई मौका न मिले। बिहार में तेजस्वी वह करिश्मा नहीं दिखा पाए जो यूपी में अखिलेश ने अपने बलबूते पर दिखाया। इसका एक कारण यह भी हो सकता है जिसमें बताया गया कि लालू परिवार भ्रष्टाचार में फंस रहा है जबकि अखिलेश पर ऐसा कोई आरोप नहीं है। तेजस्वी को अपने पिता लालू यादव का भरपूर साथ मिला जबकि अखिलेश के पिता मुलायम सिंह का निधन हो गया था।

लोकसभा चुनाव में इससे पहले सपा को सबसे बड़ी सफलता 2004 में मुलायम की अगुआई में 35 सीटें जीतकर मिली थी। इस बार सपा ने अपने दम पर 37 सीटें जीती हैं। पहली बार उसका वोट शेयर लोकसभा में 32 फीसदी के पार चला गया है। यूपी में पहले और देश के दो प्रमुख राष्ट्रीय दलों भाजपा व कांग्रेस के बाद सपा देश में तीसरे पायदान पर है। इससे पहले 2004 में वह लोकसभा में चौथे नंबर की पार्टी थी। लोकसभा चुनाव के महासंग्राम में इस बार भाजपा को सपा नेता अखिलेश यादव की चुनौती भारी पड़ी। अखिलेश अकेले ही अपनी विजय रथ यात्रा पर निकले और मतदाताओं से धुंवाधार प्रचार में जुटे। उनकी रैलियों में लाखों लोगों की भीड़ जुटी जो अखिलेश का मनोबल और हौसला बढ़ाने में सफल हुई। महाभारत के अभिमन्यु की तरह वे भाजपा के चक्रव्यूह को राहुल गाँधी को साथ लेकर तोड़ने में सफल हुए है। उनका मुकाबला यूपी के सीएम योगी के साथ प्रधान मंत्री मोदी और गृह मंत्री आमित शाह जैसे योद्धाओं से हुआ। भाजपा में चुनावी तीरंदाजों की कमी नहीं है। सपा में वे अकेले महारथी थे।

सपा के इतिहास में इस बार अखिलेश ने सबसे कम मुस्लिम-यादवों को टिकट दिया, जिनको खास तवज्जो देने की तोहमत पार्टी पर लगती है। अपने कोर वोटर (मुस्लिम-यादव) को समझाने के साथ नए को जोड़ने का ताना-बाना उन्होंने झऊ- (पिछड़ा, दलित व अल्पसख्ंयक) के जरिए बुना। अखिलेश के भाषण, बैठकों से लेकर लोकसभा के प्रचार अभियान का यही मूल मुद्दा बन गया। भाजपा पर आरक्षण खत्म करने की साजिश के आरोप मढ़ने के साथ रोजगार, भर्ती, पिछड़ों-दलितों की भागीदारी छीनने के आरोप के इर्द-गिर्द ही अखिलेश टिके रहे। भाजपा की ध्रुवीकरण से जुड़े बयानों पर चुप्पी साधी और पार्टी के भीतर से इस पर सुर उभरे तो उसे चुप करा दिया, जिससे भाजपा को कोई मौका न मिले।

## चिंतन

# राष्ट्र की आवश्यकता उत्तम शिक्षा एवं चरित्र

**संजीव ठाकुर**

**मोबाइल : 9009 415 415**



चरित्र अथवा सच्चरित्रता को यदि हम परिभाषित करें, तो अच्छे आचरण, चाल चलन, स्वभाव, गुणधर्म, आदि इत्यादि को चरित्र तथा सचरित्रता का तात्पर्य अच्छा चाल चलन, अच्छा स्वभाव, अच्छे व्यवहार से है। मनुष्य समाज के बीच रहने वाला दोपाया है। अतः समाज के मध्य ऐसे गुणों का होना आवश्यक है, जिनके द्वारा व समाज में शांति पूर्वक रहते हुए देश की प्रगति में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सकें। मनुष्य के खराब आचरण से समाज का वातावरण भी प्रदूषित, खराब होता है। दूसरी तरफ अच्छे राष्ट्रीय चरित्र फलादेश हमेशा प्रगति के पथ पर चलकर एक महान राष्ट्र की संज्ञा पाता है। काम, क्रोध,लोभ, मोह, संताप, निर्दयता और ऐसे अवगुण मनुष्य के सामाजिक जीवन में अशांति उत्पन्न करते हैं। ऐसा व्यक्ति सदैव दुराचारी ही माना जाता है जो अच्छे आचरण या अच्छे चरित्र का ना हो। दूसरी ओर इसके जरा विपरीत निष्ठा, ईमानदारी, लगन शीलता, संयम तथा परोपकार इत्यादि पालन करने वाला मनुष्य चरित्रवान और सच्चरित्र वाला कहलाता है। इसके अलावा उदारता, विनम्रता,सहिष्णुता, सत्यभाषण किसी राष्ट्र को चरित्रवान बनाता है।

हमारे देश के महान नेता बापू महात्मा गांधी ने कूटनीति की चमक को बड़ा नहीं समझा,बुद्धि विकास को बड़ा नहीं समझा, चरित्रिक बल को ही मान दिया है। आज हमें अधिक से अधिक इस बात पर विचार करना है कि चरित्र बल केवल एक व्यक्ति का नहीं समूचे देश का होना चाहिए। राष्ट्रीय चरित्र को अत्यधिक महत्व देने वाली पंक्तियां मूर्धन्य आलोचक आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी द्वारा अंग्रेजी में लिखी गई पंक्तियां से हम सब भली भली भांति परिचित हैं,उसका हिंदी भावार्थ है, यदि धन गया तो कुछ भी नहीं गया, यदि स्वास्थ्य गया तो थोड़ा गया, और यदि चरित्र चला गया तो सब कुछ चला गया। उनके इस कथन से चरित्र का महत्व स्पष्ट परिलक्षित होता है। कर्म मानव की अभिव्यक्ति है, वैसे ही जीवन चरित्र की अभिव्यक्ति है। हारवर्ट स्पेंसर ने कहा कि किसी मनुष्य राष्ट्र की सबसे बड़ी आवश्यकता शिक्षा नहीं चरित्र है, और यही सबसे बड़ा उसका रक्षक है। चरित्रवान व्यक्ति ही अच्छा राष्ट्रीय चरित्र निर्माण कर सकता है। और अच्छा राष्ट्रीय चरित्र एक महान देश को जन्म देता है। जिसमें विश्व में शांति, सद्भावना एवं परस्पर सहयोग की भावना को बल मिलता है। चरित्रवान नेता पूरे देश को अच्छे से नेतृत्व देकर सही विकास और शिक्षा की ऊंचाइयों तक ले जा सकता है। चरित्रहीन नेता देश को रसातल की ओर ले जाने में नहीं चूकता है। इसीलिए हमारा परम कर्तव्य बनता है कि हम देश के प्रतिनिधि के रूप में चरित्रवान नेताओं का ही चुनाव करें। राजनीति एक कठिन डगर है, जहां की पगडंडी बल खाकर आगे बढ़ती है। और इस प्रयास में हमें समाज में सदाचार को बढ़ाने की अत्यंत आवश्यकता है। भ्रष्टाचार कदाचार की संभावनाओं को खत्म करने की कोशिश करनी चाहिए, और इस प्रयास में हमें बच्चों को प्रारंभ से ही नैतिक शिक्षा प्रदान की जानी चाहिए। चरित्रवान नेता सदैव अपने नागरिकों को महान बनने की प्रेरणा देता है। और सचरित्र ही हमेशा उदाहरण बनके आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणा स्रोत होते हैं। महात्मा गांधी तथा अन्य नेताओं ने चारित्रिक प्रबलता के दम पर ही ब्रिटिश साम्राज्य को उखाड़ फेंका था। सदाचारी व्यक्ति की समाज में प्रतिष्ठा होती है,और दुराचारी नेता सदैव निंदा का पात्र बनता है। जिस राष्ट्र के नेता नागरिक दुराचारी हो उसकी प्रगति कभी ठीक से नहीं होती। अतः देश की सही व निरंतर प्रगति के लिए आवश्यक है कि उसके अग्रणी नेता नागरिक आने वाली पीढ़ी सच्चरित्र एवं निष्ठावान हो।

किसी भी व्यक्ति या नागरिक का चरित्र होना इस बात पर निर्भर नहीं करता कि वह कितना शिक्षित है। एक अशिक्षित व्यक्ति भी अपने मर्यादापूर्ण जीवन से अच्छे चरित्र की संज्ञा पा सकता है, और यदि उच्च शिक्षित व्यक्ति भ्रष्टाचार दुराचार में लिप्त हो तो वह दुष्ट चरित्र ही कहलाता है। कई अति शिक्षित व्यक्ति दुराचार एवं विचार में लिप्त होकर अपने पढ़े लिखे होने को कलंकित करते हैं। और वही कम पढ़ा लिखा या अशिक्षित ऑटो ड्राइवर यात्री द्वारा भूल से छोड़े गए लाखों रुपए पुलिस थाने में जमा कर आता है, यह उस अनपढ़ व्यक्ति की उत्तम चरित्र की परिभाषा है। आज बड़े-बड़े पढ़े-लिखे अधिकारी भ्रष्टाचार में लिप्त होकर जेल तक की हवा खाने के लिए मजबूर हैं। यह लोग समाज के चरित्र, राष्ट्र के चरित्र के लिए अत्यंत घातक है। अच्छे चरित्र सही हमारे आत्मबल में वृद्धि होती है जिससे हम विपरीत परिस्थितियों में मर्यादा पूर्वक जीवन की शक्ति पाते हैं। अतः नागरिकों की राष्ट्रीय चरित्र की भावना एवं व्यक्तिगत चरित्र के कारण हम विश्व में अग्रणी स्थान प्राप्त कर सकते हैं। यह कोई भाषण या उपदेश नहीं है, इसे जीवन में अपनाकर देखिए आपके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन जरूर आएंगे।

## नजरिया

# बीजेपी को नश्तर की तरह चुभ रही है अयोध्या की हार

**अजय कुमार**

**मोबाइल : 9335566111**

लोकसभा चुनाव में अयोध्या (फैजाबाद) के भाजपा प्रत्याशी की पराजय विशेष उभरकर सामने आई है। विभिन्न प्रकार के वाद-प्रतिवादों के माध्यम से भाजपा सरकार द्वारा अयोध्या के लिए किए गए कामों और उनके चुनावी लाभ का भी आकलन किया जा रहा है। यद्यपि इस बार चुनाव परिणामों की हानि व्यापक है, पर अयोध्या का सामान्यीकरण नहीं कर सकते। इसीलिए यहां भाजपा प्रत्याशी की हार को कई रूपों में देखा जा रहा है। उधर,विपक्ष और सोशल मीडिया भी प्रभु श्रीराम की नगरी अयोध्या की लोकसभा सीट पर भारतीय जनता पार्टी को मिली हार का जख्म सूखने नहीं दे रही है।

बीजेपी की हार को बड़ा दिखाने के लिये बीजेपी विरोधी ऐसे-ऐसे मुद्दे छांट कर ला रहे हैं जिनका चुनाव से पहले कोई वजूद ही नहीं था। चार जून को नतीजे आने के बाद कुछ वीडियो और तस्वीरों को वायरल कर यह दिखाने का प्रयास किया जा रहा है कि यहां के विकास के लिए तमाम लोगों को प्रशासन ने जबरन बेघर कर दिया। ऐसे लोगों को न तो मुआवजा दिया गया और न ही उनके पुनर्वास का प्रबंध हुआ। इसी के चलते भाजपा को यहां लोकसभा चुनाव में हार का सामना करना पड़ा। जिला प्रशासन ने इसे खारिज करते हुए तथ्यों के साथ पुनर्वास और मुआवजा दिए जाने का ब्योरा प्रस्तुत किया है। जिलाधिकारी नितीश कुमार ने बताया कि विभिन्न प्रमुख मार्गों का उनके किनारे के दुकानदारों, भवन व भू-स्वामियों से समन्वय बनाकर पुर्नस्थापित कर अनुग्रह धनराशि व मुआवजा देकर चैड़ीकरण किया गया है। रामपथ, भक्तिपथ, रामजन्मभूमि पथ और पंचकोसी व चैदहकोसी परिक्रमा मार्ग के चैड़ीकरण से 4616 दुकानदार प्रभावित हुए। इसमें से 4215 व्यापारी जिनकी दुकानें आंशिक रूप से प्रभावित हुईं, उन सभी को अनुग्रह धनराशि का भुगतान किया गया। इन दुकानों का सुंदरीकरण भी कराया गया।

**बीजेपी की हार को बड़ा दिखाने के लिये बीजेपी विरोधी ऐसे-ऐसे मुद्दे छांट कर ला रहे हैं जिनका चुनाव से पहले कोई वजूद ही नहीं था। चार जून को नतीजे आने के बाद कुछ वीडियो और तस्वीरों को वायरल कर यह दिखाने का प्रयास किया जा रहा है कि यहां के विकास के लिए तमाम लोगों को प्रशासन ने जबरन बेघर कर दिया। ऐसे लोगों को न तो मुआवजा दिया गया और न ही उनके पुनर्वास का प्रबंध हुआ।**

ये सभी दुकानदार अब उसी स्थान पर व्यापार कर रहे हैं। इसी कड़ी में 401 दुकानदार पूर्ण रूप से स्थानांतरित हुए। इनमें से 339 दुकानदारों को अयोध्या विकास प्राधिकरण ने दुकानें आवंटित की हैं। इनका व्यापार अन्य स्थल पर स्थानांतरित होने पर कुछ समय के लिए व्यापार प्रभावित होने के एवज में प्रति दुकानदार एक से 10 लाख रुपये तक हटायी गई दुकान के आकार के आधार पर अनुग्रह धनराशि का भुगतान उनके खाते में अलग से किया गया है। पूर्ण रूप से स्थानांतरित 79 परिवारों को बसा दिया गया है। कुल 1845 भू और भवन स्वामी प्रभावित हुए। इन्हें 300.67 करोड़ की धनराशि मुआवजे व अनुग्रह धनराशि के रूप में उनके खाते में भेजी जा चुकी है। इसी तरह महर्षि वाल्मिकी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के निर्माण से प्रभावित सभी परिवारों को पुर्नवासित कराया गया है। प्रभावित खातेदारों से समन्वय बनाकर उनकी सहमति के आधार पर भूमि अर्जन का कार्य किया गया। इसमें 952.39 करोड़ रुपये का भुगतान भूमि और भवन स्वामियों के खाते में किया गया। आजकल मोदी विरोधी दलों के नेता रामनगरी की शांति देवी का एक पुराना विडियो को चुनाव बाद का वीडियो बताकर भ्रम की स्थिति पैदा कर रहे हैं। इन दिनों शांति देवी सोशल मीडिया पर चर्चा में हैं। इनके मकान टूटने से पहले दिए गए बयान के वीडियो को अबका बताकर वायरल किया जा रहा है। इस बारे में अब स्वयं उन्होंने सामने आकर सफाई दी है। सुग्रीव किला के पीछे रहने वाली शांति के अनुसार उन्हें उचित मुआवजा देने के साथ पुनर्वास कराया गया है। जनकपुरी में प्रशासन ने जमीन भी उपलब्ध कराई है। वीडियो में जो बयान दिखाया जा रहा है, वह तब का है जब उन्हें अपना मकान टूटने की सूचना मिली थी। तब उन्होंने आवेश में आकर अपनी बात कही थी। अब वे अपने पुनर्वास से संतुष्ट हैं।वैसे जमीनी हकीकत भी यही है कि अयोध्या के विकास के लिये जिन लोगों की जमीन अधिग्रहित की गई थी,उन्हें पूरा मुआवजा दिया गया था, एक-दो लोगों को छोड़कर सभी संतुष्ट भी थे। इसको बीजेपी की हार से जोडकर नहीं देखा जा सकता है। वैसे सच्चाई यह भी है कि अयोध्या लोकसभा सीट भले बीजेपी हार गई हो, लेकिन अयोध्या लोकसभा क्षेत्र के भीतर आने वाली अयोध्या विधान सभा सीट पर बीजेपी सपा प्रत्याशी के सामने बढ़त बनाने में कामयाब रही थी।

महत्त्वपूर्ण

Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company,6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**, (*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.**RNI No. 58061/93. Regn No.: RNP/KA/BGS/2050/2015-2017 posted at Bengaluru PSO Mysore Road Bengaluru-560 026**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।– दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# पुतिन के उत्तर कोरिया दौरे की चर्चा के बीच किम ने रूस के साथ बढ़ते संबंधों का स्वागत किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

सियोल। उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने इन खबरों के बीच, बुधवार को रूस के साथ देश के बढ़ते संबंधों का स्वागत किया कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन उनके साथ अपनी तीसरी बैठक के लिए जल्द ही उत्तर कोरिया का दौरा करेंगे। पिछले वर्ष सितम्बर में पुतिन के साथ बैठक के लिए किम जोंग ने रूस की यात्रा की थी। इस बैठक के बाद से उत्तर कोरिया और रूस के बीच सैन्य, आर्थिक और अन्य सहयोग में तेजी से वृद्धि हुई है।

अमेरिका, दक्षिण कोरिया और उनके सहयोगियों का मानना है कि उत्तर कोरिया ने उन्नत सैन्य प्रौद्योगिकी और आर्थिक सहायता के बदले में रूस को तोपें, मिसाइलें और अन्य पारंपरिक हथियार उपलब्ध कराए हैं, जिसका इस्तेमाल वह यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में कर रहा है। किम जोंग उन उत्तर कोरिया की क्षेत्रीय स्थिति को मजबूत करने और अमेरिका के खिलाफ संयुक्त मोर्चा खोलने के लिए रूस और चीन के साथ साझेदारी बढ़ाने पर जोर दे रहे हैं।

रूस के मुख्य 'अंतरिक्ष प्रक्षेपण स्थल' पर सितम्बर में हुई बैठक के दौरान उत्तर कोरिया के नेता किम ने रूसी राष्ट्रपति को सुविधाजनक समय पर उत्तर कोरिया आने का निमंत्रण दिया था जिसे पुतिन ने स्वीकार कर लिया था। उत्तर कोरिया की आधिकारिक 'कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी' के अनुसार, बुधवार को किम ने पुतिन को रूस के राष्ट्रीय दिवस के अवसर पर बधाई संदेश भेजा। अपने संदेश में किम ने कहा, पिछले वर्ष सितम्बर में 'वोस्तोचनी स्पेसपोर्ट' में हमारे बीच हुई महत्वपूर्ण बैठक के फलस्वरूप, उत्तर कोरिया–रूस के बीच मैत्रीपूर्ण और सहयोगात्मक संबंध अब अच्छे साथियों के अटूट रिश्ते में विकसित हो गये हैं।

# जेल में बंद इमरान ने अपना विचार बदला, पाकिस्तान सरकार से बातचीत के लिए हरी झंडी दी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

इस्लामाबाद/भाषा। अपने पुराने रुख से पीछे हटते हुए पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने मौजूदा राजनीतिक तनाव को कम करने के लिए सरकार से बातचीत के लिए हरी झंडी दे दी है। इससे पहले उन्होंने सत्ताधारी गठबंधन के साथ बातचीत से इनकार कर दिया था।

जेल में बंद इमरान का विचार उस समय बदला जब देश के भ्रष्टाचार कानूनों में बदलाव के मामले की सुनवाई के दौरान उच्चतम न्यायालय ने कहा कि पाकिस्तान तहरीक–ए–इंसाफ (पीटीआई) पार्टी को सरकार से बातचीत शुरू करनी चाहिए और संसद में बातचीत के जरिए अपने मुद्दों को सुलझाना चाहिए। पीटीआई इमरान की पार्टी है। इमरान अभी अडियाला जेल में बंद हैं। पीटीआई नेता गौहर अली खान ने जेल के बाहर पत्रकारों से बातचीत करते हुए मंगलवार को कहा कि इमरान खान ने सरकार से बातचीत के लिए हरी झंडी दे दी है।



उन्होंने कहा कि पार्टी शुरू में अपने सहयोगियों को विश्वास में लेगी, लेकिन इस मुद्दे पर अकेले भी आगे बढ़ सकती है। गौहर ने कहा, हमने पाकिस्तान तहरीक–ए–इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक (इमरान) से कहा कि बातचीत जरूरी है, क्योंकि दूरियां बढ़ रही हैं। वह इस पर हमसे सहमत थे।

गौहर के अनुसार, इमरान खान (71) चाहते हैं कि बातचीत के रास्ते खुलें।जियो टीवी ने गौहर के हवाले से कहा, पीटीआई संस्थापक ने कई बार कहा है कि उनके साथ जो हुआ, वह उसे माफ करने के लिए तैयार हैं।

यह पूछे जाने पर कि क्या बातचीत उच्चतम न्यायालय की सलाह के तहत होगी, गौहर ने कहा: उच्चतम न्यायालय द्वारा दिए गए विकल्प पर भी विचार किया जा रहा है। हालांकि उन्होंने जोर दिया कि बातचीत करना पीटीआई का अपना निर्णय है। गौहर ने कहा कि पार्टी पख्तूनख्वा मिल्ली अवामी पार्टी के प्रमुख महमूद खान अचकजई से बातचीत के बाद अपनी चर्चा शुरू करेगी। उन्होंने कहा कि अचकजई और अन्य दलों के साथ गठबंधन है और उनकी पार्टी उन्हें विश्वास में लेगी। पार्टी प्रमुख ने कहा, गठबंधन स्तर पर भी बातचीत हो सकती है। पीटीआई खुद भी पहल कर सकती है।



100 दिन की कार्ययोजना के क्रियान्वन के लिए कृषि मंत्री शिवराज सिंह ने ली बैठक

# किसानोन्मुखी कार्यों पर करें पूरा फोकस : चौहान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को कृषि भवन में बैठक लेकर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प के अनुसार, 100 दिनों की कृषि कार्ययोजना के संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों से विस्तार से चर्चा की। इस दौरान चौहान ने अधिकारियों से कहा कि वे अपना पूरा फोकस किसानोन्मुखी कार्यों पर करें, ताकि देश के किसानों और कृषि क्षेत्र के निरंतर विकास के लिए प्रधानमंत्री की संकल्पना के मुताबिक तेजी से काम किया जा सके। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह ने मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में, पहले 100 दिनों की विभागीय कार्ययोजना के सभी पहलुओं को समझने के साथ ही देश के कृषि क्षेत्र की मजबूती तथा किसानों के दु:ख–दर्द को कम करने के लिए सशक्तता के साथ कदम उठाने के लिए दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हमारे किसान भाई/बहनों को गुणवत्तापूर्ण खाद–बीज आदि की उपलब्धता प्राथमिकता से सुनिश्चित की जाना चाहिए। इस संबंध में उन्हें कहीं–कोई परेशानी नहीं आना चाहिए, इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए। केंद्रीय मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि देश में कृषि उत्पादन व उत्पादकता बढ़नी चाहिए, साथ ही हम अपनी घरेलू आवश्यकताओं की पूर्ति के अलावा दुनिया के अन्य देशों को भी जरूरत अनुसार गुणवत्तापूर्ण कृषि उत्पाद निर्यात कर सकें, ऐसी ठोस कार्ययोजना पर अमल करना चाहिए। बैठक में, वरिष्ठ अधिकारियों ने विभागवार योजनाओं की प्रस्तुतियां दी।

बैठक में चौहान के साथ केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्यमंत्री रामनाथ ठाकुर तथा भागीरथ चौधरी और कृषि सचिव मनोज आहूजा व कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग (डेयरी) के सचिव एवं भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के महानिदेशक डा. हिमांशु पाठक भी उपस्थित थे।

# राष्ट्रपति चुनाव श्रीलंका के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण : विक्रमसिंघे

कोलंबो/भाषा। श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने कहा है कि इस साल के अंत में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव व्यक्तिगत हार–जीत के बजाय द्वीपीय राष्ट्र की सफलता और असफलता का निर्धारण करेंगे। बुधवार को मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

पिछले महीने श्रीलंका के चुनाव आयोग ने कहा था कि राष्ट्रपति चुनाव इसी साल 17 सितंबर से 16 अक्टूबर के बीच आयोजित किए जाएंगे।

बुधवार को नीति सुधार पर एक चर्चा के दौरान 75 वर्षीय विक्रमसिंघे ने कहा, आगामी चुनाव का परिणाम केवल मेरी व्यक्तिगत जीत या हार के बारे में नहीं है, बल्कि यह चुनाव निर्धारित करेगा कि हमारा देश सफल होगा या विफल।

जुलाई 2022 के मध्य से अपदस्थ राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे का शेष कार्यकाल पूरा कर रहे रानिल विक्रमसिंघे ने फिर से चुनाव कराने को लेकर कोई सार्वजनिक बयान नहीं दिया।राष्ट्रपति के मीडिया प्रभाग ने उनके बयान को दिखाया, जिसमें उन्होंने कहा, यह चुनाव केवल व्यक्तियों के चयन के बारे में नहीं है, बल्कि यह हमारे देश की प्रगति के लिए सबसे प्रभावी प्रणाली को चुनने का है। अगर आप वर्तमान दृष्टिकोण में विश्वास रखते हैं, तो हमें उसी के अनुसार आगे बढ़ना चाहिए।

'डेली मिरर' समाचार ने बताया कि विक्रमसिंघे ने नकदी की कमी से जूझ रहे देश में दीर्घकालिक समृद्धि सुनिश्चित करने के लिए मजबूत आर्थिक सुधारों को लागू करने के महत्व पर भी जोर दिया।

विक्रमसिंघे के नेतृत्व में श्रीलंकाई सरकार ने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के निर्देशों के तहत कठोर आर्थिक सुधार किए हैं। विक्रमसिंघे, जो वित्त मंत्री भी हैं, आर्थिक परिवर्तन विधेयक को प्रस्तुत करके द्वीपीय देश के राजकोषीय कानूनों में सुधार लाने के लिए तत्पर हैं। इस विधेयक को इसकी संवैधानिकता पर उच्चतम न्यायालय की समीक्षा प्रक्रिया के बाद संसद में पेश किया जाना है।

# ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था अप्रैल में स्थिर रही

लंदन। ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था अप्रैल के महीने में बारिश की वजह से उपभोक्ता व्यय एवं निर्माण गतिविधियों पर असर पड़ने की वजह से स्थिर रही। यह चार जुलाई को होने वाले आम चुनाव में एक मुद्दा बन सकता है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने बुधवार को अप्रैल की आर्थिक वृद्धि के आंकड़े जारी करते हुए कहा कि इस महीने में वृद्धि दर सपाट रही।

इसके पहले जनवरी से मार्च की अवधि में भी ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था 0.6 प्रतिशत की औसत दर से ही बढ़ी थी। हालांकि, उसके पहले के एक लंबे दौर में अर्थव्यवस्था के स्थिर रहने से प्रधानमंत्री ऋषि सुनक इस सुधार को अपनी सफलता के तौर पर पेश कर रहे थे।

हालांकि, मासिक आंकड़े अल्पावधि कारकों से प्रभावित होते रहते हैं लेकिन अप्रैल में इसका स्थिर रहना सुनक के राजनीतिक विरोधियों के लिए हमला करने का एक अवसर हो सकता है।

# अजय देवगन फिर मचाएंगे धमाल

मुंबई/एजेन्सी



बॉलीवुड के सिंघम स्टार अजय देवगन अपनी सुपरहिट फिल्म धमाल के चौथे संस्करण में काम करने जा रहे हैं। बॉलीवुड के जानेमने निर्देशक इंद्र कुमार ने वर्ष 2007 मे सुपरहिट फिल्म धमाल बनायी, जिसमें अजय देवगन ने मुख्य भूमिका निभायी। इंद्र कुमार ने इसके बाद वर्ष 2011 मे डबल धमाल और वर्ष 2019 में टोटल धमाल बनायी। टोटल धमाल में अजय देवगन, अनिल कपूर,माधुरी दीक्षित, रितेश देशमुख, अरशद वारसी, जावेद जाफरी ने अहम भूमिका निभायी।अब इंद्र कुमार 'धमाल 4' लाने की तैयार कर रहे हैं, इसके लिए उन्होंने स्टारकास्ट भी फाइनल कर ली है। बताया जा रहा है कि 'धमाल 4' को भूषण कुमार प्रोड्यूस करेंगे। धमाल 4 में अजय देवगन , अनिल कपूर, माधुरी दीक्षित, रितेश देशमुख, अरशद वारसी और जावेद जाफरी धमाल नजर आयेंगे।यह फिल्म इसी साल के अंत में फ्लोर पर आएगी। फिल्म की तैयारियों का काम जोरों पर चल रहा है।

# खुद को काम में झोंकने की प्रवृत्ति हमारे लिए सामान्य होनी चाहिए : कंगना रनौत



नयी दिल्ली। अभिनेत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सांसद कंगना रनौत ने मंगलवार को 'खुद को काम में झोंक देने की प्रवृत्ति' को सामान्य बनाने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि भारतीय आलसी नहीं हो सकते, क्योंकि देश को अभी विकसित राष्ट्र बनाना है। कंगना रनौत ने 'इंस्टाग्राम स्टोरी' में अपने विचार साझा किए, जिसमें उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा सोमवार को अपना तीसरा कार्यकाल शुरू करने के बाद प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) के कर्मियों को दिए गए संबोधन का एक वीडियो क्लिप पोस्ट किया। इस वीडियो में प्रधानमंत्री मोदी को कहते सुना जा सकता है, मेरा हर क्षण देश के लिए है। मोदी ने कहा कि उन्होंने 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए चौबीस घंटे काम करने का वादा किया है।

अपने पोस्ट में कंगना रनौत ने कहा कि 'वीकेंड' (सप्ताहांत) की अवधारणा कुछ और नहीं बल्कि पश्चिमी मानसिकता है। अपनी पोस्ट के कैप्शन में कंगना ने लिखा, हमें जुनूनी कार्य संस्कृति को सामान्य रूप से अपनाना होगा और सप्ताहांत का इंतजार करना तथा सोमवार के बारे में 'मीम' को लेकर शिकायत करना रोकना होगा। यह सब पश्चिमी मानसिकता वाले लोगों का छलावा है। हम अभी तक विकसित राष्ट्र नहीं हैं, और हम काम को लेकर बिल्कुल भी आलसी नहीं हो सकते।

बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री और लंबे समय से मोदी समर्थक रहीं रनौत हिमाचल प्रदेश के मंडी से पहली बार लोकसभा चुनाव जीती हैं। उन्होंने छह बार मुख्यमंत्री रह चुके वीरभद्र सिंह और राज्य कांग्रेस प्रमुख प्रतिभा सिंह के बेटे विक्रमादित्य सिंह को हराया है।



# बॉलीवुड एक्टर राजकुमार राव ने पत्रलेखा के साथ किए काशी विश्वनाथ के दर्शन

वाराणसी/एजेन्सी

बॉलीवुड के फेमस एक्टर राजकुमार राव ने अपनी पत्नी, एक्ट्रेस पत्रलेखा के साथ काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन किए। बता दें कि राजकुमार राव अपनी फिल्म की शूटिंग के लिए वाराणसी में हैं। कपल ने पूरे विधि–विधान के साथ मंदिर में पूजा–अर्चना की। मंदिर की भव्यता को देखकर दोनों मंत्रमुग्ध हो गए। इस दौरान वहां मौजूद लोगों ने राजकुमार के साथ सेल्फी भी ली। राजकुमार राव ने अपनी पत्नी के साथ सुबह जलाभिषेक कर भगवान का आशीर्वाद लिया। पुजारियों ने पूरे विधि–विधान से स्टार कपल का पूजन कराया। एक्टर अपनी अपकमिंग फिल्म की शूटिंग के लिए वाराणसी में हैं, फिल्म के सीन को घाटों और मंदिरों में शूट किया जा रहा है।

हाल ही में एक्टर राजकुमार ने दो फिल्में दी हैं। जिनमें 'श्रीकांत' और 'मिस्टर एंड मिसेज माही' शामिल है। 'श्रीकांत' की बात करें तो क्रिटिक्स ने इस फिल्म को बेहद प्यार दिया है। वहीं कमाई के मामले में यह मार खा गई। फिल्म ने ओपनिंग वीकेंड पर 11.7 करोड़ की कमाई की थी। 'श्रीकांत' में राजकुमार के साथ अलाया एफ भूमिका में हैं। फिल्म को पर्दे पर लगे लगभग एक महीने से ज्यादा हो गया है।

बता दें कि 40 करोड़ रुपये के बजट में बनी फिल्म श्रीकांत बोल्ला की बायोपिक है। फिल्म में राजकुमार ने उन्हें पर्दे पर बखूबी उतारा है। वहीं फिल्म 'मिस्टर एंड मिसेज माही' की बात करें तो यह 31 मई को सिनेमाघरों में रिलीज की गई थी। शानदार ओपनिंग के बाद दर्शकों का रुझान इस ओर थोड़ा कम हो गया। बाद में फिल्म की कमाई गिर गई। इस फिल्म में राजकुमार राव के साथ जान्हवी कपूर मुख्य भूमिका में हैं।



# फिल्म 'इश्क विश्क रिबाउंड' का ट्रेलर रिलीज

मुंबई/एजेन्सी

बॉलीवुड अभिनेता ऋतिक रौशन की चचेरी बहन पश्मीना रोशन की आने वाली फिल्म 'इश्क विश्क रिबाउंड' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। पश्मीना रौशन फिल्म 'इश्क विश्क रिबाउंड' से बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रही हैं। इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो गया है। इस फिल्म में पश्मीना रोशन के अलावा रोहित शराफ, जिबरान खान और नैला ग्रेवाल भी मुख्य भूमिकाओं में हैं।'इश्क विश्क रिबाउंड' फिल्म एक रोमांटिक ड्रामा है।'इश्क विश्क रिबाउंड' वर्ष 2003 में प्रदर्शित फिल्म इश्व विश्क का सीक्वल है। इस फिल्म में शाहिद कपूर के साथ अमृता राव मुख्य भूमिका में थीं। शाहिद और अमृता राव की यह पहली फिल्म थी।

ट्रेलर में दोस्तों की कहानी दिखाई गई है, जिनके बीच लव ट्रायंगल देखने को मिलेगा । ट्रेलर में दिखाया गया है कि दोस्ती, प्यार, रिलेशनशिप और सिचुएशनशिप के बीच फंसे पश्मीना रोशन और रोहित सराफ अपने पार्टनर्स से ब्रेकअप कर लेते हैं और फिर बाद में दोनों एक–दूसरे के करीब आ जाते हैं । रमेश तौरानी और जया तौरानी निर्मित और निपुण अविनाश धर्माधिकारी के निर्देशन में बनी फिल्म 'इश्क विश्क रिबाउंड' 21 जून को सिनेमाघरो मे रिलीज होगी।

# 'जननी-एआई की कहानी' में रोबोट की तरह एक्ट करना चैलेंजिंग था : आशिका भाटिया

वाराणसी/एजेन्सी



टीवी की सबसे हाई प्रोफाइल एक्ट्रेस में से एक आशिका भाटिया 'जननी–एआई की कहानी' शो में नजर आएंगी। उन्होंने अपने किरदार के बारे में बताया कि उनके लिए एआई रोबोट की तरह एक्ट करना थोड़ा चुनौतीपूर्ण था। शो में आशिका चांदनी के रोल में नजर आएंगी। आशिका ने कहा, मेरे किरदार का नाम चांदनी है। मैं एआई रोबोट हूं, जो इंसानों की तरह लगती है। मेरे लिए रोबोट का एक्ट करना थोड़ा चुनौतीपूर्ण था। मैंने पहले कभी भी ऐसा रोल नहीं किया था, इसलिए मैं इस खास मौके का फायदा उठाना चाहती थी। उन्होंने कहा, खास तौर पर चलते हुए किसी शो में आपको किसी ऐसे व्यक्ति की तरह बर्ताव करना होता है जो पहले से ही सीरीज में है। मेरे लिए किसी और की नकल करना काफी चुनौतीपूर्ण था, लेकिन मैंने इसे स्वीकार किया।'' 'जननी– एआई की कहानी' इरा के इर्द–गिर्द घूमती है, जो एक वैज्ञानिक से मां बनी है। वह घातक बीमारी से अपनी बेटी की जान बचाने के लिए एआई रोबोट का आविष्कार करती है। एमएजे प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित, 'जननी– एआई की कहानी' दंगल टीवी पर प्रसारित हो रहा है। वर्कफ्रंट की बात करें तो आशिका को पिछली बार एंड टीवी पर 'वाणी रानी' शो में देखा गया था। उन्होंने छोटे पर्दे पर 'मीरा' शो में डेब्यू किया था। वह 'परवरिश – कुछ खट्टी कुछ मीठी' में गुणवंत कौर अहलूवालिया के किरदार में नज़र आईं। इसके अलावा, उन्होंने 2015 में रिलीज हुई ब्लॉकबस्टर फिल्म 'प्रेम रतन धन पायो' में सलमान खान की छोटी बहन का किरदार भी निभाया। आशिका ने लोकप्रिय रियलिटी शो 'बिग बॉस ओटीटी सीजन 2' में वाइल्ड कार्ड कंटेस्टेंटस के रूप में एंट्री की, लेकिन कुछ ही हफ्तों बाद शो से बाहर आ गईं।

# करण जौहर और मनीष मल्होत्रा ने उषा काकड़े का प्रोडक्शन हाउस किया लॉन्च

मुंबई/एजेन्सी

बॉलीवुड फिल्ममेकर करण जौहर और मशहूर फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा ङ्कङ्कने बिल्डर और समाजसेवी उषा काकड़े के प्रोडक्शन हाउस का लोगो लॉन्च किया। यह इवेंट मुंबई के बांद्रा स्थित ताज लैंड्स एंड में आयोजित किया गया, जिसमें हिंदी और मराठी फिल्म इंडस्ट्री की कई महान हस्तियां शामिल हुईं। इनमें ईशा कोप्पिकर, रिंकू राजगुरु, लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी, सुमेध मुदगलकर, तनिषा मुखर्जी, शर्मिला ठाकरे, अभिजीत खेडेकर, स्मिता गोंडकर, सोनाली कुलकर्णी, गौहर खान और अशोक पंडित जैसे स्टार शामिल हैं। करण ने उषा काकड़े के विजन और डेडिकेशन की तारीफ करते हुए कहा, मैं यह देखने के लिए बहुत एक्साइटेड हूं कि उषा काकड़े प्रोडक्शन हमारे लिए क्या लेकर आया है। उषा को हमेशा मेरा सपोर्ट रहेगा, और मुझे यकीन है कि उषा काकड़े प्रोडक्शन को जबरदस्त कामयाबी मिलेगी।।



उन्होंने यूकेपी की पहली फिल्म 'विक्की– फुल ऑफ लव' के लिए भी अपनी एक्साइटमेंट को जाहिर किया। मनीष ने फिल्म प्रोडक्शन में कदम रखने के लिए उषा काकड़े की सराहना की और कहा, मैं उषा के नए वेंचर का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं। अन्य सभी क्षेत्रों की तरह, वह अपने बैनर 'उषा काकड़े प्रोडक्शंस' के तहत सभी का दिल जीतने जा रही हैं। यह प्रोडक्शन हाउस कला और मानवीय सहायता दोनों के प्रति उषा काकड़े की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। वहीं उषा काकड़े ने इवेंट में मौजूद सभी हस्तियों के प्रति आभार व्यक्त किया और बताया कि यह उनकी जिंदगी का इस नया चैप्टर है। साथ ही उन्होंने प्रोडक्शन हाउस के क्रिएटिव कंटेंट को लेकर भी खुलासा किया। उन्होंने कहा, मैं इस वेंचर को शुरू करने और प्रोड्यूसर के रूप में नई जर्नी को लेकर बेहद एक्साइटेड हूं। मुझे भरोसा है कि करण जौहर के आशीर्वाद और शुभकामनाओं के साथ यह कामयाब होगा।

बता दें कि उषा काकड़े ग्रेविटस फाउंडेशन की संस्थापक भी हैं, जिन्होंने 500,000 से ज्यादा बच्चों को सेफ और अनसेफ टच के बारे में जागरूक किया। उन्होंने 80,000 बच्चों का डेंटल चेकअप, 110,000 बच्चों के आंखों का चेकअप और सर्जरी की सुविधा प्रदान कर समाज को प्रभावित किया है। फाउंडेशन ने शैक्षिक और स्वास्थ्य सेवा पहलों को आगे बढ़ाने के लिए यूनिसेफ के साथ भी सहयोग किया है। इस इवेंट में उषा काकड़े प्रोडक्शंस के बैनर तले पहली मराठी फिल्म 'विक्की– फुल ऑफ लव' की घोषणा भी हुई। इस फिल्म में हेमल इंगले और सुमेध मुधलकर लीड रोल में नजर आएंगे।

RNI No. 58061/93. Regn No.: RNP/KA/BGS/2050/2018-2020
Posted at Bengaluru PSO
Mysore Road Bengaluru-560 026.





# पिता की स्मृति में मुणोत परिवार ने गौसेवा हेतु वितरित किए 51 लाख रुपए

## गौशाला में परिवार ने की गौसेवा, लगाए पौधे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के दिन्नेपाल्या स्थित अमृतधारा गौशाला में बुधवार को मारुति मेडिकल के प्रमुख महेन्द्र-हंसराज मुणोत के पिता मोतीलाल मुणोत की स्मृति में परिजनों द्वारा विशेष गो पूजन एवं वृक्षारोपण से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हेसरघट्टा गोडिया मठ के संत दंडी महाराज एवं प्रभुपाद गौशाला के प्रमुख आनंदकृष्ण दास ने गौ माता की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। मुणोत परिवार के महेंद्र, सुरक्षा, हंसराज, आनंद मुणोत ने विभिन्न गौशालाओं को कुल 51 लाख रुपए की सहयोग राशि के चैक वितरित किए। इस अवसर पर शिव गौ सेवा मंडल चैरिटेबल ट्रस्ट के मोतीलाल माली, हनुमान माली, अमृतधारा गौशाला के प्रमुख बीजे शर्मा, सर्वा की प्रमुख डॉक्टर जयश्री, कृपा के सदस्य जगदीश, ज्ञान फाउंडेशन से मुकुंद एवं गौतम शर्मा, कृष्ण गौशाला कोतनूर, भारतीय गो परिवार अरसीकेरे, भगवान महावीर गौशाला बाणावार, कामधेनु गौशाला चिकमगलूर, पिंजरापोल गौशाला टी नरसिंहपुर, ओमकार गौशाला शिवगंगा के प्रतिनिधि सहित अनेक गोभक्त उपस्थित थे.।उपेंद्र कुमार ने सभी गो भक्तों को सम्मानित किया।

इस मौके पर महेंद्र मुणोत ने अपने वक्तव्य में कहा कि हम अपनी मां के दूध का कर्ज तो नहीं चुका सकते लेकिन गौ सेवा एवं गौ रक्षा के प्रयास से गाय के दूध का कर्ज तो चुका सकते हैं। उन्होंने कहा कि गाय, पर्यावरण व धरती की सेवा के लिए हमें हमेशा तत्पर रहना चाहिए। मुणोत ने अपने पिता के गुणों को याद करते हुए कहा कि आज वे जो भी है अपने पिता के दिए हुए संस्कार व सीख के कारण ही है। मुणोत परिवार ने अपनी पिता की स्मृति में गौशाला में वृक्षारोपण भी किया ताकि उनकी पिता की स्मृतियां चिर बनी रहे। उन्होंने यह भी कहा की गौशाला मे गायों की सेवा करते वक्त देसी नस्ल एवं विदेशी नस्ल की गायों में भेदभाव नहीं करना चाहिए। हमें निष्पक्ष भाव से जीवदया व मानवसेवा के कार्य करना चाहिए।

## संत आगमन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



आचार्यश्री विमलसागरसूरीश्वरजी बुधवार को अरसीकेरे स्थित दक्षिण नाकोडा तीर्थश्री संकटमोचन पार्श्व भैरव धाम पहुंचे, जहां ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। आचार्यश्री विश्वविराट पुरुषादानीय परमात्मा पार्श्वनाथ प्रभु की प्रतिमा, योगीराज शांतिसूरीश्वरजी एवं महा भैरवदेव सह राजराजेश्वरी माता पद्मावती का दर्शन किए। आचार्यश्री की दो दिवसीय स्थिरता में तीर्थधाम पर सिद्धचक्र महापूजन तथा अनेक कार्यक्रम आयोजित होंगे।

## पौधारोपण अभियान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत




हुब्बल्ली के जीतो चैप्टर और रोटरी क्लब ऑफ हुब्बल्ली साउथ द्वारा ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए एक संयुक्त प्रयास में पौधारोपण अभियान शुरू किया। यह कार्यक्रम केशवपुर स्थित अरिहंत सोसाइटी के बगीचे में हुआ, जहाँ 21 पौधे लगाए गए। कार्यक्रम में जीतो अध्यक्ष अनिलकुमार जैन, पूर्व अध्यक्ष भवरलाल जैन, मुख्य सचिव प्रवीण चौधरी, भेरूलाल जैन, डॉ. गौतम जयदे, सुनील लड्ढा आदि अनेक सदस्य उपस्थित थे।

# गैंगस्टर पुजारी ने अदालत परिसर में पाकिस्तान के समर्थन में नारे लगाए

बेलगावी/दक्षिण भारत। जेल में बंद गैंगस्टर जयेश पुजारी ने अदालत परिसर में कथित तौर पर पाकिस्तान के समर्थन में नारे लगाए। यह घटना तब हुई जब गैंगस्टर को उसके खिलाफ लंबित एक मामले की सुनवाई के सिलसिले में अदालत में पेश होने के लिए लाया गया था। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि नारे लगाने के बाद वहां एकत्र हुए लोगों और वकीलों ने कथित तौर पर उसके साथ धक्का मुक्की की।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, हमारे पास अभी इस बात का कोई निर्णायक जवाब नहीं है कि उसने यह नारे क्यों लगाए। हम इस मामले की जांच कर रहे हैं। पुलिस ने बताया कि गैंगस्टर जयेश पुजारी के खिलाफ 2018 में दर्ज एक मामले के संबंध में बुधवार को उसकी सुनवाई होनी थी और इसलिए उसे हिंडालगा स्थित केंद्रीय कारागार से अदालत लाया गया, जहां वह बंद है।

पुलिस अधिकारी ने पीटीआई-भाषा को बताया कि तत्कालीन अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी) आलोक कुमार को कथित तौर पर धमकी देने के बाद यह मामला दर्ज किया गया था। उन्होंने बताया कि गैंगस्टर पुजारी दोहरे हत्याकांड में भी दोषी है। उन्होंने कहा कि बुधवार को जब उसे पेशी के लिए अदालत में ले जाया जा रहा था, तभी उसने परिसर के अंदर 'पाकिस्तान जिंदाबाद' के नारे लगाए। वहां मौजूद पुलिस अधिकारियों ने उसे दबोचा और थाने ले आए।





# जिनदत्तकुशलसूरी सेवा एवं संगीत मंडल की नई कार्यकारिणी समिति गठित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। स्थानीय जिनदत्त कुशलसूरी जैन सेवा एवं संगीत मंडल बसवनगुडी की 2024-26 की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। बैठक के प्रारम्भ में अध्यक्ष अरविन्द कोठारी ने सभी का स्वागत किया। महामंत्री ललित डाकलिया ने पिछले कार्यकाल में हुए कार्यक्रमों का ब्यौरा प्रस्तुत किया तथा सदस्यों और सहयोगियों को धन्यवाद दिया।। उपाध्यक्ष अनिल भडकतिया और कोषाध्यक्ष रमेश गुलेच्छा ने आय व्यय का लेखा जोखा प्रस्तुत किया। तत्पश्चात साधारण सभा में अरविन्द कोठारी को सर्वसम्मति से पुनः अगले कार्यकाल हेतु अध्यक्ष पद पर चुना गया।

अध्यक्ष ने अपनी कार्यकारिणी की घोषणा की जिसमें सलाहकार तेजराज मालानी, कुशलराज गुलेच्छा और तनसुखराज गुलेच्छा के साथ उपाध्यक्ष पद पर अनिल भडकतिया, राकेश डाकलिया, रमेश गुलेच्छा और महामंत्री का पद पुनः ललित डाकलिया को प्रदान किया गया।

कोषाध्यक्ष पृथ्वीराज श्रीश्रीमाल, सहमंत्री धर्मेन्द्र कुमार संकलेचा, प्रकाश पोफलिया के साथ कार्यकारिणी एवं प्रकोष्ठ सदस्यों का चयन किया गया है। दादावाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष तेजराज मालानी और महामंत्री कुशलराज गुलेच्छा ने सभी पदाधिकारियों और कार्यकारिणी सदस्यों को शुभकामनाएं प्रदान की। नई कार्यकारिणी सदस्यों ने साध्वीजी श्री स्वर्णांजनाश्रीजी का आशीर्वाद प्राप्त किया।



# माहेश्वरी भवन में महेश नवमी पर होंगे अनेक कार्यक्रम

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। स्थानीय माहेश्वरी सभा के तत्वावधान में शनिवार व रविवार को 5157वां माहेश्वरी वंशोत्पति दिवस 'महेश नवमी' का आयोजन ओकलीपुरम स्थित माहेश्वरी भवन में मनाया जाएगा। सभा के अध्यक्ष नवलकिशोर मालु ने बताया कि शनिवार को सुबह 7.30 बजे से माहेश्वरी भवन पर महेश पूजन, 12 ज्योतिर्लिंग का रुद्राभिषेक, रक्तदान शिविर, अन्नदान व महाप्रसाद का आयोजन किया जा रहा है। सचिव अजय राठी ने बताया कि रविवार को महेश नवमीं के उपलक्ष्य में सुबह 10 बजे से चित्रकला प्रतियोगिता, फैन्सी ड्रेस प्रतियोगिता, नृत्य नाटिका, वरिष्ठ सदस्य सम्मान, विशिष्य उपलब्धि प्राप्त समाज बंधुओं का सम्मान, मेधावी विद्यार्थियों को सरस्वती पुरस्कार सहित अनेक आयोजन होंगे।

सभा के सभी पदाधिकारी व सदस्यगण कार्यक्रम की तैयारियों में जुटे हुए हैं। आयोजकों ने सभी माहेश्वरी बंधुओं से कार्यक्रम में शामिल होने का निवेदन किया है।



# वासुपूज्यस्वामी मंदिर पर धूमधाम से सम्पन्न हुआ ध्वजारोहण

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

केजीएफ। शहर के एंडरसनपेट स्थित दादाश्री वासुपूज्य स्वामी मंदिर की वर्षगांठ मनाई गई तथा 49वां ध्वजारोहण किया गया। सुबह अमर ध्वजा के लाभार्थी वेदमुथा परिवार के निवास स्थान से शोभायात्रा के साथ ध्वजा मंदिर लाई गई तथा सत्तर भेदी पूजा पढ़ाई गई। पूजा के दौरान विपिनगुरुजी द्वारा विधिविधान किया गया तथा ध्वजा के लाभार्थी मदनलाल पदमकुमार वेदमुथा परिवार ने मंत्रोच्चार के बीच मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में श्रावक श्राविकाएं उपस्थित थे।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



## मुलाकात

जैन समाज की ओर से कर्नाटक प्रदेश अल्पसंख्यक आयोग कमीशन के पूर्व सदस्य महेंद्र सोलंकी, बाबूलाल मेहता व दिनेश खिंवेसरा ने अल्पसंख्यक आयोग के नए चेयरमैन निसार अहमद से मुलाकात कर अल्पसंख्यक सर्टिफिकेट व जैन समाज के लिए स्कॉलरशिप आदि योजनाओं में सहयोग दिलवाने का निवेदन किया। चेयरमैन ने आश्वासन देते हुए कहा कि जल्द ही सभी अल्पसंख्यक वर्गों की अलग अलग बैठक बुलाकर समस्याओं का शीघ्र ही समाधान किया जाएगा। इस मौके पर रतनीबाई मेहता, बबीता श्रीश्रीमाल, मधु तातेड़ आदि भी उपस्थित थीं।



तेरापंथ युवक परिषद राजराजेश्वरीनगर द्वारा व्यक्तित्व विकास कार्यशाला 'कनेक्टिविटी इस दि बेस्ट एक्टिविटी' का आयोजन साध्वीश्री उदितयशाजी के सान्निध्य में तेरापंथ भवन में रखा गया। श्रावक निष्ठा पत्र का वाचन संभाग प्रमुख अमित दक ने किया।

# किसी के साथ कनेक्ट होने से पहले हमें उसे अपनाना पड़ेगा : साध्वीश्री उदितयशा

## आरआर नगर में आयोजित हुई व्यक्तित्व विकास कार्यशाला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। तेरापंथ युवक परिषद राजराजेश्वरीनगर द्वारा व्यक्तित्व विकास कार्यशाला 'कनेक्टिविटी इस दि बेस्ट एक्टिविटी' का आयोजन साध्वीश्री उदितयशाजी के सान्निध्य में तेरापंथ भवन में रखा गया। श्रावक निष्ठा पत्र का वाचन संभाग प्रमुख अमित दक ने किया। अध्यक्ष बिकाश छाजेड़ ने सभी का स्वागत किया।

साध्वी वृंद्ध ने जाग उठो युवा बंधुओं गीत का जोशपूर्ण संगान किया। कार्यशाला के विषय कनेक्टिविटी इस दि बेस्ट एक्टिविटी की शुरुआत करते हुए साध्वीश्री संगीतप्रभाजी ने कनेक्ट विद बेस्ट के फार्मूले को बताया कि कनेक्ट विद बेनिफिशियल टास्क, कनेक्ट विद एंडलेस एफर्ट, कनेक्ट विद सौल ओरिएंटेड पर्सनालिटी, कनेक्ट विद टॉलरेंस पावर इन चार बिंदुओं के माध्यम से युवकों को मोटिवेट किया।

साध्वीश्री भव्ययशाजी ने कनेक्टिविटी इस दि बेस्ट एक्टिविटी क्यों है इसका विश्लेषण करते हुए कहा कि हमें वास्तव में कनेक्ट होना है, वीतराग आत्मा के साथ, संघ के साथ और गुरु के साथ ताकि हमारी तरक्की होती रहे। साध्वीश्री उदितयशाजी ने कहा कि किसी के साथ कनेक्ट होने से पहले हमें उसे अपनाना पड़ेगा। जब हम किसी को प्रेम वह वात्सल्य देकर अपनाएंगे तभी वह हमसे कनेक्ट होगा।

उन्होंने युवकों को डिजिटल डिटॉक्स को अपनाने की प्रेरणा दी। संभाग प्रमुख अमित दक ने भी युवकों को किस तरह समाज से कनेक्ट हो इसकी जानकारी दी। इस अवसर पर सभा, महिला मंडल, युवक परिषद, किशोर मंडल, कन्या मंडल के साथ साथ श्रावक समाज की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन मंत्री सुपार्श पटावरी ने किया।



# राणावत परिवार ने अरनाथ मंदिर पर चढ़ाई ध्वजा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

टिपटूर। शहर के अरनाथ जिनालय की 28वीं वर्षगांठ धूमधाम से मनाई। सतरभेदी पूजा के बीच कायमी अमर ध्वजा के लाभार्थी धाकुबाई मिश्रीमल राणावत परिवार ने मुनि राजपद्मसागरजी म.सा की निश्रा में ध्वजा पूजा की गई। लाभार्थी मिश्रीमल, नरपतकुमार, महेंद्र, मुकेश राणावत द्वारा विधिकारक संकेत गुरु के मंत्रोच्चार के साथ मंदिर शिखर पर ध्वजा चढ़ाई गई। इस अवसर पर विनोद बरलोटा, प्रवीण गेमावत, पूर्व सभापति टीएन प्रकाश व गंगाधर आदि उपस्थित थे। ट्रस्ट के ट्रस्टी ललित शाह, दिनेश सोलंकी, फूलचंद सोलंकी, राजू सोनीगरा, मनोज छाजेड़, मयूर शाह आदि ने व्यवस्था संभाली।

# सरकारी बोर्ड-निगमों में जैन समाज को उचित प्रतिनिधित्व मिले : बोहरा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस समिति अल्पसंख्यक के उपाध्यक्ष सिद्धार्थ बोहरा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने कर्नाटक अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष यू. निसार अहमद एवं कर्नाटक अल्पसंख्यक कल्याण निगम के अध्यक्ष अल्ताफ खान से भेंट की। प्रतिनिधि मंडल ने दोनों पदाधिकारियों से दिगंबर-श्वेतांबर जैन के बारे में असमंजस को खत्म करन, जैन समाज के धार्मिक स्थलों के पुनर्निर्माण, शैक्षणिक छात्रवृति एवं विदेश में उच्च शिक्षा ऋण हेतु मिलने वाली राशि में बढ़ोतरी का भी अनुरोध किया। सिद्धार्थ बोहरा ने कहा कि आज श्वेताम्बर जैन समाज को भी परिस्थिति वश अनेकों आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है अतः उन्हें निगम की सभी लाभकारी योजनाओं में बराबरी का लाभ दिया जाये। प्रतिनिधि मंडल में शामिल केपीपीसी अल्पसंख्यक विभाग के प्रबंधक व प्रवक्ता इरशाद अहमद व सचिव नीतेश राठौड़ ने अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष नसीर अहमद से अनुरोध किया कि अल्पसंख्यक दर्जा प्राप्त जैन समाज के व्यापारिक व सामाजिक सुरक्षा हेतु नयी नियमावली बनाकर राज्य सरकार को भेजे।

साथ ही प्रतिनिधि मण्डल ने अल्पसंख्यक कल्याण निगम व अल्पसंख्यक आयोग में उचित प्रतिनिधित्व देने की मांग भी रखी ताकि जैन समाज एवं समाज के बीच में एक सेतु बन सके।

# चार दिवसीय सुधांशु अमृत ज्ञान वर्षा 20 से

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। विश्व जागृति मिशन के संस्थापक व अध्यात्मिक गुरु श्री सुधांशुजी महाराज के मुखारविंद से 'अमृत ज्ञान वर्षा' प्रवचन श्रृंखला का आयोजन शहर में किया जा रहा है। विश्व जागृति मिशन बेंगलूरु शाखा के तत्वावधान में 20 जून को मध्याह्न 12 बजे से राजनकुंटे स्थित श्रीधाम आश्रम में सुधांशुजी प्रवचन देंगे। 21 जून को शाम 5 बजे से, 22 जून को सुबह 11बजे से व शाम 5 बजे से तथा 23 जून को सुबह 10 बजे से जयनगर स्थित पूर्णिमा कन्वेंशन सेन्टर में प्रवचन माला का आयोजन किया गया है। 23 जून को ही प्रवचन के पश्चात गुरु दीक्षा कार्यक्रम भी रखा गया है। आयोजकों ने बताया कि गुरुश्री सुधांशुजी महाराज के आगमन से श्रद्धालुओं में उत्साह है और कार्यक्रम की विशेष तैयारियां की जा रही है। यह जानकारी कृष्णकुमार टांटिया ने दी।

Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company, 6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51 and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**,
(*Responsible for selection of news under PRB Act.)
Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.
HEAD OFFICE : DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT, New Media Company, 6/4, Cantonment Station Road, Bangalore 560051. Editorial : 080-25363030 / 9945488003. For Advertisement : 9945488002 - email : news@dakshinbharat.com